


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





वर्ष 03 : अंक : 347 | ग्वालियर, शनिवार 30 जनवरी 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8


# किसान आंदोलन से जुड़े हुए 14लोगों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

**दिल्ली।** 26 जनवरी को किसानों की ट्रैक्टर रैली के दौरान दिल्ली में कई जगह पर हुई हिंसा की जांच कर रही दिल्ली पुलिस ने 14 किसानों के के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया है. इससे पहले छह किसान नेताओं को पूछताछ के लिए नोटिस भी भेजा गया था. इन सभी छह नेताओं को शुक्रवार यानी आज ही क्राइम ब्रांच के दफ्तर में पूछताछ के लिए बुलाया गया है. इनमें बूटा सिंह बुर्जगिल, दर्शन पाल सिंह, राकेश टिकैत और सरमन सिंह पंढेर जैसे नेता शामिल हैं. इसके अलावा, कुल 44 किसान नेताओं के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर यानी स्ह्रष्ट भी जारी हुआ है. दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच के डीसीपी जॉय टिर्की ने लेटर में 26 जनवरी हिंसा की समयपुर बादली में दर्ज हुई स्न्रढ्ढक्र का जिक्र करते हुए कहा है कि ये सभी नेता जांच के दौरान देश से भागने की कोशिश कर सकते हैं इसलिए अगर ये ऐसा करें तो इन्हें तुरंत हिरासत में ले लिया जाए. इन 44 नेताओं में बड़े नाम, राकेश टिकैत, मेधा पाटेकर, योगेंद्र यादव के हैं.



## प्रदर्शनकारियों का बिजली पानी किया बंद तो रात को 1 बजे पानी टैंकर लेने पहुंचे आप विधायक

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस के मौके पर लाल किला में हुए किसानों के प्रदर्शन के एक दिन बाद योगी सरकार एक्शन में आ गई है. योगी सरकार ने प्रदेश भर में किसानों के प्रदर्शन को खत्म कराने का आदेश दिया है. इसके बाद गाजीपुर बॉर्डर पर धरने पर बैठे किसानों को पुलिस-प्रशासन की ओर से मौखिक आदेश दिया गया. इसके साथ ही धरना स्थल पर बिजली की आपूर्ति के साथ पानी की सप्लाई भी बंद कर दी गई है. किसान नेता राकेश टिकैत ने साफ कहा है कि जब तक उनकी मांग नहीं मानी जाएगी, उनका धरना जारी रहेगा. टिकैत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री को फोन पर पानी और शौचालय की व्यवस्था करने का आग्रह किया. टिकैत ने कहा कि अब मैंने दिल्ली के मुख्यमंत्री से बात कर ली है. उनसे टॉयलेट और पानी मंगा लिया है.

## न्यूज ट्रैक

### एफआईआर में 8 घंटे की देरी के चलते 2 साल की बच्ची पर ओरल सेक्स का दबाव बनाने के आरोपी को दिल्ली हाईकोर्ट ने दी जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बलात्कार के एक आरोपी को इसलिए जमानत दे दी, क्योंकि एफआईआर लिखे जाने में 8 घंटे की देरी हुई थी। 2 साल की पीड़ित बच्ची पर ओरल सेक्स का दबाव बनाने के आरोपी को दिल्ली हाईकोर्ट ने एफआईआर लिखे जाने में आठ घंटे की देरी का हवाला देते हुए जमानत दे दी। मामला दक्षिणी दिल्ली का है, जहां पिछले साल शिकायत दर्ज कराई गई थी। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत ने एक आदेश में कहा कि इस फैक्ट को ध्यान में रखते हुए कि एफआईआर दर्ज होने में 8 घंटे की देरी हुई है, मेरे विचार से याचिकाकर्ता जमानत का हकदार है। बता दें कि पिछले साल दक्षिण दिल्ली के जिला पुलिस स्टेशन में दर्ज मामले के अनुसार, शिकायतकर्ता ने आरोपी को नशे की हालत में देखा और उसे कथित रूप से पीड़िता को ओरल सेक्स करने के लिए प्रेरित करते हुए सुना। शिकायतकर्ता ने पुलिस को यह भी बताया कि जब आरोपी पीड़िता के साथ था, तब उसकी पैंट की जिप खुली हुई थी। जमानत याचिका का विरोध करते हुए दिल्ली पुलिस ने अदालत को बताया कि इस घटना को देखकर कई पड़ोसी इकट्ठा हुए थे और आरोपी को पीटा था। फिर उसे पुलिस को सौंप दिया गया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी पर आईपीसी की धारा 376 एबी (12 साल से कम उम्र की बच्ची से बलात्कार) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम यानी पॉक्सो की धारा 6 (आक्रामक यौन उत्पीड़न) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### राष्ट्रपति का अभिभाषण: तीनों कृषि कानूनों से किसानों को मिले और भी अधिकार, गणतंत्र दिवस का अपमान दुर्भाग्यपूर्ण

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ संसद के बजट सत्र की आज से शुरुआत हो चुकी है। प्रेसिडेंट कोविंद ने अपने अभिभाषण में केंद्र सरकार के काम-काज का लेखा-जोखा देश की जनता के बीच रखा है। इस दौरान उन्होंने उन तीनों कृषि कानूनों का भी जिक्र किया, जिसकों लेकर बीते दो महीने से अधिक समय से दिल्ली से सटी विभिन्न राज्यों की सीमाओं पर किसान नेता आंदोलन कर रहे हैं और गणतंत्र दिवस के दिन आंदोलनकारी किसानों के हिंसक प्रदर्शन का देश गवाह बना। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में इसकी निंदा की है। राष्ट्रपति ने अभिभाषण पढ़ते हुए कहा, मेरी सरकार यह स्पष्ट करना चाहती है कि तीन कृषि कानूनों से पहले जो अधिकार और सुविधाएं उपलब्ध थीं, उन्हें कम नहीं किया गया है। वास्तव में इन नए कृषि सुधारों के साथ सरकार ने किसानों को नई सुविधाएं और अधिकार प्रदान किए हैं।

### दुनियाभर में भारत की जय-जयकार से ड्रैगन के कलेजे पर लोटा सांप, करने लगा हमारी वैक्सीन डिप्लोमेसी की नकल

**नई दिल्ली।** संकट के इस दौर में जिस तरह से हिन्दुस्तान ने पड़ोसी समेत कई देशों को मुफ्त वैक्सीन देकर मदद की है, उससे पूरी दुनिया में भारत की जय जयकार हो रही है। दुनियाभर में भारत की हो रही वाह-वाही ने चीन को भी अपनी वैक्सीन डिप्लोमेसी में बदलाव करने को मजबूर कर दिया है। भारत की वैक्सीन डिप्लोमेसी को देखकर चीन ने पाकिस्तान के अलावे कुछ अन्य देशों को मुफ्त वैक्सीन देने का मन बनाया है। पाकिस्तान को पांच लाख कोरोना वैक्सीन देने का वादा करने वाले चीन ने श्रीलंका को 3 लाख कोरोना टीके मुफ्त में देने का वादा किया है। चीन ने गुरुवार को कहा कि वह श्रीलंका को तीन लाख कोरोना टीके मुफ्त में देगा। इसी के साथ भारत-चीन के बीच टीका कूटनीति की रेस तेज होती दिख रही है। भारत पहले ही अपने पड़ोसी देशों को मुफ्त में टीका उपलब्ध करा चुका है। भारत दुनियाभर के देशों को टीका भेज रहा है, जिसके जवाब में अब चीन ने भी मुफ्त में टीका देना शुरू किया है। बताया जा रहा है कि श्रीलंका के अनुरोध पर चीन ने तीन लाख टीके भेजने का फैसला लिया।

## अमित शाह के बंगाल दौरे से ऐन पहले फिर मची टीएमसी में भगदड़

**कोलकाता।** आसन्न बंगाल विधानसभा चुनाव रोमांचक होने के साथ-साथ मोदी और ममता सरकार के लिए निर्णायक अहम की लड़ाई में भी बदल गया है. तीखी बयानबाजी तो खैर स्वाभाविक ही है, केंद्रीय मंत्रियों के दौरे से पहले उखाड़-पछाड़ का दौर अलग शुरू हो जाता है. खासकर गृह मंत्री अमित शाह का बंगाल दौरा तो सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के लिए सिरदर्द हो जाता है. अब जब अमित शाह फिर दो दिवसीय दौरे पर जा रहे हैं, तो ऐन पहले ममता बनर्जी के करीब रहे राजीब बनर्जी के इस्तीफे ने उनकी पेशानी पर बल ला दिए हैं. ठीक एक हफ्ते पहले 22 जनवरी को राजीव बनर्जी ने अपने मंत्री पद छोड़ दिया था. उस समय कयास लगाए जा रहे थे कि वह अप्रैल-मई में होने वाले महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने के लिए सत्तारूढ़ पार्टी छोड़ सकते हैं. राजीव बनर्जी से जब पूछा गया कि क्या वह अमित शाह की यात्रा के दौरान भाजपा में शामिल हो रहे हैं तो उन्होंने कहा, एक लोकतांत्रिक स्थिति में मैं एक बड़ी राजनीतिक पार्टी के बैनर के बिना अकेले काम नहीं कर सकता. अगर मैं कोई फैसला लेता हूं तो आपको बता दूंगा, लेकिन अभी तक मैंने सिर्फ एक मंत्री और एक विधायक के रूप में इस्तीफा दिया है. मैंने अभी तक टीएमसी पार्टी से इस्तीफा नहीं दिया है. पश्चिम बंगाल में इस साल अप्रैल-मई में चुनाव को लेकर काफी गहमागहमी भी है. इसी के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्य के दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार रात कोलकाता पहुंच रहे हैं. अमित शाह के इस हाई-प्रोफाइल बंगाल दौरे के दौरान प्रदेश की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और अन्य दलों से कई नेता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो सकते हैं. सूत्रों ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल (एनएससीबीआई) हवाई अड्डे पर अमित शाह लगभग 11 बजे पहुंचेंगे। शाह की बंगाल की पिछली यात्रा के दौरान, तृणमूल कांग्रेस नेता और पूर्व राज्य परिवहन मंत्री सुवेंदु अधिकारी 19 दिसंबर को भाजपा में शामिल हो गए थे. शाह शनिवार को नादिया जिले के मायापुर में इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) का दौरा करने वाले हैं. वह उत्तर 24-परगना के ठाकुरनगर क्षेत्र में एक रैली को भी संबोधित करेंगे. यहां मतुआ समुदाय का वर्चस्व है. 31 जनवरी को शाह कोलकाता में भारत सेवाश्रम संघ का दौरा करेंगे और हावड़ा जिले के डुमुरजला स्टेडियम में रैली करेंगे जहां कई नेताओं के भाजपा में शामिल होने की उम्मीद है.



### गाजियाबाद कोर्ट के जज ने फांसी लगाकर दी जान, पुलिस मामले की जांच में जुटी

गाजियाबाद। दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में शुक्रवार को एक मजिस्ट्रेट द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। आत्महत्या की जानकारी मिलते ही मजिस्ट्रेट को तुरंत यशोदा अस्पताल ले जाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद उनके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, गाजियाबाद के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-9 में तैनात मजिस्ट्रेट योगेश कुमार ने जज कॉलोनी के अपने सरकारी आवास पर शुक्रवार सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 46 वर्षीय योगेश कुमार शर्मा फ्लैट संख्या 303 टॉवर 2 जजेस रेजिडेंस, मॉडल टॉउन, थाना सिहानीगेट में रहते थे।

## कौशांबी थाने का घेराव करने पहुंचे किसान विधायक पर एफआईआर की मांग

**कृषि कानूनों के विरोध में किसानों का आंदोलन आज 65वें दिन में प्रवेश कर गया है. रातभर की गहमागहमी के बाद किसानों का आंदोलन फिर से जम गया है.**



**नई दिल्ली।** कृषि कानूनों के विरोध में किसानों का आंदोलन आज 65वें दिन में प्रवेश कर गया है. रातभर की गहमागहमी के बाद किसानों का आंदोलन फिर से जम गया है. देर रात तक किसानों को हटाने की तैयारी चलती रही. हालांकि राकेश टिकैत अपनी जिद पर अड़े रहे. तभी राजनीतिक दलों के नेताओं के समर्थन से टिकैत के हौसले बढ़ गए और फिर वह वहीं जम गए. जिसके बाद सड़कों पर फिर से किसानों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया है. रात में किसानों ने सड़क जाम कर दिया तो आज मुजफ्फरनगर में टिकैत के समर्थन में महापंचायत बुलाई गई है.

## आर्थिक सर्वेक्षण: 2021-22 में भारतीय अर्थव्यवस्था की तेज होगी रफ्तार



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में आज आर्थिक सर्वेक्षण 2021 पेश कर दिया है और इसे आज मुख्य आर्थिक सलाहकार के.वी. सुब्रमण्यन ने आर्थिक सर्वेक्षण 2020-21 लॉन्च किया। इकोनॉमिक सर्वे में जीडीपी ग्रोथ चीन से भी ज्यादा रहने का अनुमान है। इस सर्वेक्षण से कोरोना संकट के दौरान देश की अर्थव्यवस्था की तस्वीर सामने आ गई है। चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी का अनुमान -7.7 फीसद लगाया गया है। आर्थिक सर्वेक्षण में अगले वित्त वर्ष के लिए जीडीपी ग्रोथ का अनुमान इसलिए भी मायने रखता है, क्योंकि इससे जानकारी मिलती है कि सरकार को किस रफ्तार से अर्थव्यवस्था के दुरुस्त होने की उम्मीद है। सर्वे में भारतीय अर्थव्यवस्थाका रोडमैप भी है तो 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनने के लिए कई बातों पर विशेष ध्यान दिया गया है। आर्थिक सर्वेक्षण 2020-21, मुख्य आर्थिक सलाहकार कृष्णमूर्ति वेंकट सुब्रमण्यन के नेतृत्व में एक टीम द्वारा तैयार किया गया है, जो अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों की स्थिति के साथ-साथ सुधारों का वर्णन करता है जो विकास को गति देने के लिए किए जाने चाहिए।

## राहुल गांधी बोले- किसानों को लाल किले में किसने जाने दिया, गृहमंत्री से पूछें



**नई दिल्ली।** हरियाणा सरकार ने तुरंत प्रभाव से अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, करनाल, कैथल, पानीपत, हिसार, जींद, रोहतक, भिवानी, चरखी दादरी, फतेहाबाद, रेवाड़ी और सिरसा जिलों में वॉयस कॉल को छोड़कर इंटरनेट सेवाओं को 30 जनवरी, 2021 शाम 5 बजे तक के लिए बंद करने का निर्णय लिया है. सोनीपत, पलवल व झज्जर में पहले ही इंटरनेट सेवाओं पर रोक लगाई गई है. **आंदोलन खत्म करने का हो रहा प्रयास-संजय सिंह**-मुजफ्फरनगर महापंचायत में आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने कहा कि 26 जनवरी को दो वीडियो मिल गई. 72 घंटे से आंदोलन को उखाड़ने का खेल खेला जा रहा है. मैं दिल्ली से केजरीवाल का ये संदेश लेकर आया हूं. ये पूरा हिंदुस्तान बिना काला कानून वापस किये बगैर मानने वाला नहीं है. राकेश टिकैत के आंसू पूरे हिंदुस्तान की आंख के खून के आंसू हैं. हिंसा कराने वाले किसान नहीं है. भारतीय जनता पार्टी के लोग हैं. मैं अन्नदाताओं से अपील करता हूं कि वो दिल्ली की तरफ कूच करें.


ग्वालियर से प्रकाशित
दैनिक पुष्पांजली टुडे
राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज चैनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप
को
सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है
ब्यूरो चीफ/रिपोर्टर
मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल
आदि राज्यों के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है
सम्पर्क करें
जी.एस. प्लाजा सूर्य मंदिर रोड गोले का मंदिर, ग्वालियर मध्यप्रदेश
फोन: 0751-4901403
मो. 7879637585, 8770253710
Website-www.pushpanjalitoday.com
Email.- pushpanjalitoday@gmail.com


**सरकार से फिर बात करना चाहते हैं टिकैत**

# महापंचायत के बीच जवाब का है इंतजार

> भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने बॉर्डर पर मीडिया से बात कर कहा कि कृषि कानूनों पर हम एक बार फिर भारत सरकार से बातचीत करेंगे, जो हमारे रास्ते हैं उनपर चर्चा करेंगे.

**नई दिल्ली।** गाजीपुर बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन के बीच भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने एक बार फिर सरकार से बातचीत करने की मंशा जाहिर की है. बॉर्डर पर सुबह से ही नेताओं के आने का सिलसिला जारी है. ऐसे में टिकैत के सरकार से बातचीत करने की इच्छा इस आंदोलन को एक नया मोड़ दे सकती है. भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने बॉर्डर पर मीडिया से बात कर कहा कि कृषि कानूनों पर हम एक बार फिर भारत सरकार से बातचीत करेंगे, जो हमारे रास्ते हैं उनपर चर्चा करेंगे. हमने सरकार को संदेश भेज दिया है कि हम भारत सरकार से बातचीत करना चाहते हैं.

**सरकार के जवाब का इंतजार**-क्या सरकार द्वारा दिया गया 18 महीने तक कानून को स्थगित करने का प्रस्ताव मांगेंगे? इस पर टिकैत ने जवाब दिया कि नहीं नहीं, हम दोबारा सरकार के साथ बात करेंगे. टिकैत द्वारा दिये गए इस बयान के बाद सरकार की तरफ से क्या जवाब आएगा उसका





इंतजार सभी को है. हालांकि गणतंत्र दिवस के मौके पर हुई हिंसा के बाद से आंदोलन में काफी उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है. दरअसल पहले ही सरकार और किसान संगठनों के बीच कृषि कानूनों पर 11 बार बातचीत हो चुकी है, लेकिन सभी बातचीत अब तक बेनतीजा रही है.

**मुजफ्फरनगर की महापंचायत पर नजर**-इस बीच सभी की निगाहें मुजफ्फरनगर में होने वाली महापंचायत पर लगी हैं. किसान आंदोलन का रुख इससे भी तय होगा. फिर भी अब धीरे धीरे फिर से किसानों में एक नया जोश पैदा हो गया है. गुरुवार को गाजीपुर, सिंघु और टिकरी बॉर्डर पर 26 जनवरी की घटना के बाद से प्रशासन द्वारा भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया, जिसके बाद से किसानों में डर बैठा और बॉर्डर से धीरे धीरे किसान वापस अपने गांव जाने लगे. गाजीपुर बॉर्डर पर गुरुवार शाम तक किसानों की संख्या में कमी देखने को मिली तो शुक्रवार होते ही किसानों की संख्या फिर से बढ़ने लगी.

## एक नजर....

### अवैध कट्टा रखने वाले अभियुक्त को दो वर्ष का सश्रम कारावास

**गोहद** –सहायक जिला अभियोजन अधिकारी/ सहायक मीडिया सेल प्रभारी प्रवीण सिंह सिकरवार द्वारा बताया गया कि अभियोजन के अनुसार दिनांक 12.05.2016 को दौराने कस्बा भ्रमण पर जरिए मुखबिर सूचना सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति ग्राम नावली मोड़ के पास भिंड ग्वालियर हाईवे रोड के पास अवैध कट्टा लिए खड़े हैं कोई गंभीर घटना घटित कर सकते हैं सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर के बताए स्थान पर मय फोर्स के पहुंचने पर पुलिस वाहन को देख कर दो व्यक्ति भागे जिनमें से एक को निरीक्षक विनोद सिंह छावई द्वारा हमराही फोर्स की मदद से पकड़ा नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम अजय सिंह उर्फ लीलाधर पुत्र हनुमान सिंह तोमर उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम सिलावली आरक्षी केंद्र नगरा जिला मुरैना एवं हाल निवास सी डी डी नगर आरक्षी केंद्र महाराजपुरा ग्वालियर का होना बताया। जामा तलाशी साक्षी अतीस जाटव व आरक्षक संजय के समक्ष ली गई जिसमें उसके पेंट के बाएं तरफ कमर में एक कट्टा 315 बोर का निकला खोलकर देखने पर उसमें एक जिंदा राउंड पीतल का निकला जिसको रखने के संबंध में लाइसेंस पूछा तो ना बताया अभियुक्त का कृत्य धारा 25/27 का पाया जाने से कायम कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। मान0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त अजय सिंह उर्फ लीलाधर पुत्र हनुमान सिंह तोमर उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम सिलावली आरक्षी केंद्र नगरा जिला मुरैना एवं हाल निवास सी डी डी नगर आरक्षी केंद्र महाराजपुरा ग्वालियर को आयुध अधिनियम की धारा 25(1-बी)(ए) में दो वर्ष का सश्रम करावास तथा 100 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### पुलिस व प्रशासन की मिलावटखोरों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही

### डबरा निवासी व्यापारी पर हुई एनएसए की कार्यवाही

ग्वालियर। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी व जिलाधीश ग्वालियर श्री कौशलेन्द्र विक्रम के निर्देश पर ग्वालियर पुलिस व प्रशासन द्वारा जिले में मिलावट खोरों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान की जा रही कार्यवाहियो के तहत खाद्य विभाग की टीम द्वारा विगत कई दिनों से ग्वालियर जिलेके अलग.अलग प्रतिष्ठानों एवं किराने की दुकानों पर खाद्य सामग्री के सेंपल लिये जा रहे थे। इसी कार्यवाही के दौरान खाद्य विभाग की टीम द्वारा डबरा स्थित रूकमणि मार्केट के पास गोमतीपुरा पर श्री दुर्गा आटा एवं मसाला पिसाई केन्द्रष्का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उक्त फर्म से मसाल निमार्ण व पैकिंग का कार्य होते पाया गया। निरीक्षण क दौरान टीम को तैयार माल के साथ साथ विभिन्न ब्रांड के रेपर मिले जिन पर फर्जी नाम व पते अकिंत थे। उक्त रेपरों में मसाले पैकिंग का कार्य होते हुए भी पाया गयाए साथ ही उक्त परिसर में ही मसालों में भूसीए कलर एवं चावल का आटा मिलावट किये जाते पाया गया। जिस पर से खाद्य अधिकारी द्वारा सेंपल लेकर परिसर को सील किया जाकर व 06 क्विंटल मसालों को जप्त किया। खाद्य अधिकारी द्वारा दिये गये आवेदन पर से दिनांक 19.01.2021 को थाना डबरा में अपराध क्रमांक 48.21 धारा 272.273.420 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी द्वारा खाद्य पदार्थों में मिलावटी सामग्री मिलाकर धोखाधड़ी जैसे अपराध कर जन समुदाय को शारीरिक क्षति पहुंचाने जैसे अपराध करने का अभ्यस्त हो गया था। आरोपी के इस कृत्य से जनता के शारीरिक विकास पर काफी असर पड़ता है इसका स्वछंद रहना जनता के हित में नही होने से अति0 पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ग्रामीण श्री जयराज कुबेर के निर्देश पर तथा एसडीओपी डबरा श्री उमेश तोमर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डबरा निरीण् केडी सिंह द्वारा उक्त मिलावट खोरी के आरोपी के विरूद्ध राष्टीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3;2द्ध के अंर्तगत कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को प्रतिवेदन भेजा गया। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर के प्रतिवेदन पर जिलाधीश ग्वालियर द्वारा उक्त आरोपी के खिलाफ राष्टीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3;2द्ध के अंर्तगत निरोध आदेश जारी किया गया।थाना प्रभारी डबरा निरी. विनायक शुक्ला द्वारा दिनांक 29ण्01ण्2021 को मेहनत व सूझबूझ से उक्त आरोपी को पकड़कर केन्द्रीय जेल भेजा गया। पुलिस व प्रशासन द्वारा मिलावटखोरों के विरूद्ध भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यवाहियां की जाती रहेगी।

### कृषि सेवा केंद्र के माध्यम से किसानों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी



रानी पाली नेनाराम सिरवी। निकटवर्ती ग्राम पंचायत.वडेरावास. के अंतर्गत राजस्व गांव रामपुरा में कृषि सेवा केंद्र के माध्यम से किसानों के उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान किसानों को कृषि संबंधित विशेष जानकारी कृषि पर्यवेक्षक एवं अन्य किसान सेवा केंद्र के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी किसानों को दी गई।इस मौके पर ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि अमराराम सीरवी ग्राम विकास अधिकारी अरविंद ओझा के अलावा कृषि सेवा केंद्र के कार्मिक एवं अधिकारियों द्वारा किसानों को कृषि संबंधित विशेष जानकारी दी गई। जिसमें किसान एवं अन्य गणमान्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अयोध्या राम मंदिर निर्माण में गांवों के लोग भी ले रहे बढ़ चढ़कर हिस्सा



**रानी पाली नेनाराम सिरवी।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत डरी. के अंतर्गत राजस्व गांव जबर गढ़ की ढाणी में राम मंदिर निर्माण हेतु जन जन तक संदेश पहुंचाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रचार कर कमेटी गठित कर जनता को जन जागरूक कर रहे। राम मंदिर के लिए शुरू हुआ धन संचय अभियान के तहत ग्रामीण भी कार्य सहयोग। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए ग्राम पंचायत डरी। के अंतर्गत राजस्व गांव जबर गढ़ की ढाणी। कि ग्रामीण धनराशि इकट्ठा कर अयोध्या में भव्य राम मंदिर के लिए 14 जनवरी से शुरू हुए धन संचय अभियान के तहत गांव डरी जबर गढ़ की ढाणी देवासियों की ढाणी मीणा की ढाणी भीलो की ढाणी के ग्रामीणों ने प्रत्येक घर से अपनी इच्छा अनुसार अपनी ओर से महत्वपूर्ण सहयोग किया। इस दौरान जब बरगढ़ की ढाणी के भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता केसाराम सोलंकी जय सिंह देवड़ा हस्तीमल गर्ग भंवरलाल गर्ग हमीरा राम देवासी आदि सहित उपस्थित रहे। जिसमें रमेश गर्ग द्वारा बताया गया कि भगवान श्री राम मंदिर निर्माण के लिए सहयोग राशि देने को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर से सहयोग राशि देने को लेकर अपील की जा रही हैं।

## 11वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस आयोजित





कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, भिण्ड (म.प्र.)

जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह 2021

प्रशस्ति-पत्र

**महेंद्र शर्मा रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

भिंड। जिला मुख्यालय पर जिला पंचायत भवन भिंड में सोमवार को 11वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. श्री वीरेंद्र सिंह रावत जी ने अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदाता की शपथ दिलवाई। इसके पश्चात् राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त संदेश एवं निर्वाचन के प्रतिवेदन का वाचन किया। कार्यक्रम में कलेक्टर द्वारा नवीन मतदाताओं को निर्वाचन पहचान पत्र वितरित किए। इस दौरान बीएलओ को मतदाता सूची के उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती हेमलता शर्मा जो बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) भाग संख्या 56 जगन्नाथपुरा को सराहनीय उत्कृष्ट कार्य करने पर माननीय कलेक्टर महोदय द्वारा प्रशंसा पत्र भेंट किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर महोदय विशिष्ठ अतिथि पुलिस अधीक्षक एवं जिला पंचायत सीओ पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं नवीन मतदाता एवं बीएलओ उपस्थित रहे।



## सांसद संध्या राय का भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर जोरदार स्वागत

**महेंद्र शर्मा रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

गोहद- हाल ही में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री वीडी शर्मा जी ने अपनी कार्यकारिणी में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बनाई गई भिंड दतिया की लोकप्रिय सांसद संध्या राय जी के प्रथम नगर आगमन पर भाजपा ग्रामीण मंडल युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने गोहद चौराहा और बिरखड़ी पर किया जोरदार स्वागत। स्वागत करने वालों में भाजपा युवा मोर्चा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा, सूरज जी जादौन भाजपा वरिष्ठ नेता, रमन सिंह जादौन, सहसराम जी जादौन, जगदीश सिंह जादौन, प्रकाश श्रीवास, शिवकुमार शर्मा, बंटी जादौन, धर्मेंद्र शर्मा, कालीचरण बंजारा, रमाकांत शर्मा (बोहरे), रॉकी जादौन, अंकित, छोटू, अरुण, अवधेश, सत्येंद्र, संतोष जादौन, राकेश बंजारा, भूरा बंजारा, वीर सिंह जादौन, संजू बघेल आदि उपस्थित रहे।



## हाईकोर्ट के आदेश से 2 वर्ष से बंद वेयरहाउस कलेक्टर की मौजूदगी में खुला

**मोहन मांझी**

गोहद -लगभग 2 वर्ष से बंद मंगलम वेयरहाउस हाईकोर्ट के आदेश अनुसार कलेक्टर की मौजूदगी में किसानों के समक्ष आज खोला गया जिसमें अधिकारियों द्वारा वेयरहाउस में रखें फसल का मूल्यांकन किया जाना गया प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 दिसंबर 2020 को हाईकोर्ट ने आदेश किया था कि बंद पड़े वेयर हाउस को कलेक्टर की मौजूदगी में खोला जाए और 45 दिन की समय सीमा में ही उसमें रखे सभी सामान का भौतिक मूल्यांकन किया जाए और 45 दिनों के अंदर ही किसानों के समक्ष सार्वजनिक रूप से सभी सामान की नीलामी की जाए नीलामी से आने वाला पैसा कलेक्टर एवं यूको बैंक के सम्मिलित खाते में जमा किए जाएं मंगलम वेयर हाउस के संचालक अरुण गुप्ता द्वारा लगभग एक सैकड़ा से अधिक किसानों के साथ धोखाधड़ी करते हुए उनकी फसल को वेयरहाउस में रखकर एवं बैंकों से आज से पैसा लेकर फरार हो गए थे जिस पर किसानों ने मामला भी दर्ज कराया था यूको बैंक 2 बार इस मामले में केस हार चुकी है इस कार्रवाई में एसडीएम एवं किसान एवं भाजपा नेता रामबाबू उपाध्याय से शब्दों की नोकझोंक भी हुई जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि यूको बैंक को बेयर हाउस संचालक पैसा अदा कर चुके हैं फिर हमारा माल हमें क्यों नहीं दिया जा रहा हालांकि एसडीएम शुभम शर्मा ने उनको समझाइस दी साथ ही समाचार लिखे जाने तक अपने अधीनस्थ सभी कर्मचारी अधिकारियों के साथ उसमें रखी फसल के भौतिक मूल्यांकन किया जा रहा था

## अज्ञात मृतक का शव कल्याणी चौराहा के पास सड़क किनारे मिला



**आंतरी।** थाना आँतरी ज़िला ग्वालियर मध्य प्रदेश क्षेत्रांतर्गत अज्ञात मृतक का शव कल्याणी चौराहा के पास, ग्वालियर-डबरा हाई वे पर सड़क के किनारे मिला है - उम्र क़रीब 45 वर्ष हुलिया लम्बाई क़रीब 5'6'' चेहरा गोल है, दाड़ी बड़ी हुई है, नीला लोअर जिस पर सफ़ेद रंग में 21 लिखा है, अंदर आगे लाल पीछे काले रंग की बनियान पहने है, काले रंग सफ़ेद चेक की फुल आस्तीन की टी शर्ट पहने है, ऊन का हाथ का बना हुआ हल्का आसमानी हरा रंग का हाफ़ स्वेटर पहने है। कृपया कोई जानकारी मिले तो थाना आँतरी ज़िला ग्वालियर एवं कंट्रोल रूम ग्वालियर क़ो निम्न मोबाइल नम्बर पर सूचित करने का कष्ट करें।

## लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत





एटा समाजवादी पार्टी के लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष मा.डॉ राम करन निर्मल जी का आगमन पप्पू दिवाकर ,सदस्य जिला पंचायत 106 (सु.) जलेसर विधानसभा के ग्राम नरौरा ब्लॉक अवागढ़ में आगमन हुआ जिसमें प्रवीन दिवाकर प्रधान प्रतिनिधि द्वारा चांदी की साईकल देकर सम्मानित किया मंच का संचालन जिला महासचिव श्री भूपेंद्र प्रजापति जी द्वारा किया गया सभी ग्राम वासियो द्वारा सभी आगंतुगो का फूल मालाये पहना कर सम्मानित किया गया जिसमें आकाश यादव ज़िला अध्यक्ष अधिवक्ता सभा ,संदीप यादव ,योगेश यादव नावली, मनोज दिवाकर सलेमपुर,सुनील दिवाकर पवहा,अजय दिवाकर सलेमपुर,सत्यवीर दिवाकर वरई, राम नारायन काके पूर्व प्रत्याशी विधान सभा हाथरस,अवनीश यादव ठेकेदार, धर्मेंद्र दिवाकर अलीगंज पप्पू यादव नगला नन्ने,भानु यादव,धर्मेंद्र चौहान एवम सभी जिला पदाधिकारीयो की उपस्थिति गरिमा मयी रही।

### थाना बेलगढ़ा पुलिस ने पांच हजार रूपये के फरारी ईनामी बदमाश को किया गिरफ्तारए किसानों से फसल खरीद कर रूपये लेकर हो जाता था गायब

ग्वालियर। ग्वालियर पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी के निर्देश पर फरारी ईनामी बदमाशों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के दौरान अतिण् पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ग्रामीण श्री जयराज कुबेर द्वारा अपने अधीनस्थ थाना प्रभारियों को आपराधिक प्रकरणों में फरार चल रहे ईनामी फरारी बदमाशों की गिरफ्तारी हेतु मुखबिर तंत्र विकसित के लिए निर्देशित किया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में तथा एसडीओपी भितरवार श्री अभिनव बारंगे के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए थाना प्रभारी बेलगढ़ा उनि राधेश्याम शर्मा को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई किसानों से फसल खरीद कर लाखों की ठगी करने वाले बदमाश अपने परिवार सहित जमालपुर जिला गुरूग्राम;गुड़गांवद्ध हरियाणा में रह रहा है उक्त सूचना पर से थाना प्रभारी बेलगढ़ा द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए थाना बल की एक टीम को मुखबिर के बताये स्थान पर उक्त बदमाश की गिरफ्तारी हेतु रवाना किया। उक्त टीम द्वारा ठगी के आरोपी को उसके निवास से गिरफ्तारकर आज दिनांक 29ण्01ण्2021 को थाना लाया गया। उक्त आरोपीद्वारा पुलिस पूछताछ में थाना भितरवार तथा बेलगढ़ा क्षेत्र के 03 दर्जन से अधिक लोगों की फसल एवं उधार आदि मिलाकर 27 लाख रूपये से अधिक की फसल खरीदना स्वीकार कियाए जिसमें से उक्त किसानों की फसल की 10लाख रूपये से अधिक की रकम दिया जाना भी स्वीकार किया है साथ ही शेष रूपयों से 02 प्लॉट भितरवार मेंए एक लोडिंग विक्रम खरीदना तथा स्वंय मकान का निर्माण व उधारी चुकाने में खर्च होना बताया। थाना बेलगढ़ा पुलिस द्वारा आरोपी द्वारा खरीदी गई लोडिंग विक्रम;कीमती 05 लाख रूपयेद्ध को भी बरामद कर लिया गया एवं अन्य खर्चो व व्यापारियों की उधारी के सबंध में पूछताछ की जा रही है।








VISION 2030

ग्वालियर शहर में पहली बार हर सेवा और वस्तु बहुत ही सस्ती

जियो रीचार्ज एक माह 199 वाला केवल 180 में।
आइडिया और एयरटेल का रीचार्ज केवल 225/- में 249 वाला।
किराना का सामान सबसे सस्ता।
HOME TUITION का डेमो फ्री वो भी 15 दिन।
केक केवल 180/- में फ्री HOME DELIVERY के साथ।
टिफिन सेंटर खाना बिल्कुल घर जैसा।

ऐसे ही 5 लाख प्रोडक्ट्स और 50 से ज्यादा सेवाएँ
बस एक कॉल या वॉट्सएप्प, हर सेवा आपके पास।

Only WHATSAPP 9425823988
call-9691937250/- 9516003221



## एक नजर...

### लखनऊ में वैक्सीनेशनः दोपहर 12 बजे 25 प्रतिशत ने कराया टीकाकरण



**लखनऊ।** राजधानी में चौथे चक्र का टीकाकरण शुक्रवार सुबह नौ बजे से शुरू हुआ। बाकी दिनों के मुकाबले टीकाकरण की रफ्तार कुछ बेहतर नजर आई। लोहिया, केजीएमयू समेत दूसरे संस्थानों में हेल्थ वर्कर कतार में नजर आए। अपनी बारी का इंतजार में खड़े रहे। अस्पताल में टीकाकरण को लेकर विभागों से हेल्थ वर्कर को भेजा गया। अधिकारियों ने टीकाकरण का प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद जाहिर की है। सुबह आठ बजे तक 20 कोल्ड चेन प्वाइंट से वैक्सीन अस्पतालों के लिए रवाना हो चुकी थी। 43 अस्पतालों में 104 बूथ पर टीकाकरण तय समय पर शुरू हुआ। दोपहर 12 बजे तक करीब 25 प्रतिशत हेल्थ वर्कर का टीकाकरण हो चुका था। लोहिया संस्थान में टीकाकरण को लेकर हेल्थ वर्कर में काफी उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में हेल्थ वर्कर टीकाकरण को लेकर पहुंचे। इसी तरह केजीएमयू में भी हेल्थ वर्कर का टीकाकरण को लेकर उमंग नजर आई। डफरिन अस्पताल में टीकाकरण की रफ्तार थोड़ी सुस्त नजर आई। अधिकारियों का कहना है कि यहां अस्पताल के 90 प्रतिशत कर्मचारियों का टीकाकरण हो चुका है। अब यहां स्वास्थ्य महानिदेशालय, नेशनल हेल्थ मिशन के कर्मचारी और प्राइवेट अस्पताल के हेल्थ वर्कर का टीकाकरण होना है। दूर-दराज से आने के टीकाकरण की रफ्तार धीमी है। कैसरबाग बाल महिला चिकित्सालय में यूपी लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश रावत ने वैक्सीन लगवाई। वहीं डिप्टी सीएमओ डॉ. एपी सिंह ने भी टीकाकरण कराया। लखनऊ में करीब 51 हजार हेल्थ वर्कर हैं। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एमके सिंह ने बताया कि तीन राउंड में अब तक 12648 हेल्थ वर्कर वैक्सीन की पहली डोज लगवा चुके हैं।

### लखनऊ में कारपेंटर की गोली मार कर हत्या, छानबीन में जुटी पुलिस

**लखनऊ।** लखनऊ में बंथरा के माती गांव में गुरुवार रात अमरीश रावत (21) की गोली मार कर हत्या कर दी गई। उसका शव शुक्रवार सुबह गांव के बाहर पड़ा मिला। हत्या की सूचना मिलने के बाद भी पुलिस ने शव खोजने का प्रयास नहीं किया। माती गांव निवासी अमरीश रावत कारपेंटर था। गुरुवार को वह काम पर निकला था। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिवार वाले उसे तलाश रहे थे। जानकारी के मुताबिक रात 8.30 बजे करीब अमरीश के फोन से ही पुलिस को हत्या की सूचना दी गई थी। जिसके बाद पुलिस ने फौरी तौर पर छानबीन की। लेकिन परिवार से सम्पर्क नहीं किया। शुक्रवार सुबह शौच के लिये गये ग्रामीणों ने अमरीश का खून से लथपथ शव पड़ा देख पुलिस और परिवार को सूचना दी। जिसके बाद बंथरा पुलिस मौके पर पहंची। अमरीश की कनपटी के दाहिनी तरफ गोली लगी थी। घटनास्थल के पास ही शराब की खाली बोतल और गिलास भी पड़े मिले हैं। इंस्पेक्टर बंथरा के मुताबिक शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुये आरोपियों को पुलिस तलाश रही है।

### शिक्षामित्रों के पिछले दो महीने का मानदेय जल्द मिलेगा



**लखनऊ।** शिक्षामित्रों को पिछले दो महीने का भुगतान जल्द किया जाएगा। इसके साथ ही निःशुल्क किताबों, यूनिफार्म, स्वेटर आदि के बाकी किश्तों के भुगतान के लिए शासन ने आखिरी किस्त के रूप में 10.56 अरब रुपये जारी कर दिए हैं। लगभग डेढ़ लाख शिक्षामित्रों को पिछले दो महीने से मानदेय नहीं मिला था। समग्र शिक्षा अभियान से जल्द ही इसे जिलों में भेजा जाएगा और शिक्षामित्रों को मानदेय समेत अन्य भुगतान किए जा सकेंगे। आदर्श शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र शाही ने सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए शिक्षामित्रों की समस्याओं के जल्द निराकरण का आग्रह किया है।

### मुख्यमंत्री अब 8 फरवरी को करेंगे कलेक्टर्स कांफ्रेंस

**भोपाल(अर्पित गुप्ता)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अब 8 फरवरी को प्रातः 11 बजे से वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर्स, कमिश्नर्स, पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस महानिरीक्षकों के साथ समीक्षा करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान मिलावट से मुक्ति अभियान के क्रियान्वयन, वनाधिकार पट्टों के वितरण, धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन की समीक्षा, जल जीवन मिशन एवं अटल भूजन योजना, नवीन गौण खनिज नियमों एवं राज्य के राजस्व में वृद्धि के उपयों सहित अन्य बिदुओं पर चर्चा करेंगे। वीडियों कांफ्रेंसिंग को लेकर अपर कलेक्टर एमएल कनेल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को पत्र जारी किया है। उन्होंने कहा कि वीसी में संबंधित विभाग/शाखा से संबंधित जानकारी 4 फरवरी को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें।

### कलेक्टर डॉ वीरेंद्र सिंह रावत ने सरकारी स्कूलों के लिए जारी की गाइडलाइन



अरुण शुक्ला

भिण्ड-बीते रोज मेहगांव अनुविभाग के गड़ी गांव के शासकीय प्राथमिक माध्यमिक स्कूल में शराब कारखाना चलता पकड़े जाने की खबर में एमपी ब्रेकिंग न्यूज़ ने जिले के समस्त शासकीय स्कूलों को असमाजिक तत्वों से मुक्त कराने कार्यवाही करने की बात कही थी। जिस पर अमल करते हुए जिलाधीश डॉ वीरेंद्र सिंह रावत द्वारा जिले भर के शासकीय स्कूलो के लिए गाइड लाइन जारी की है। जिला शिक्षा अधिकारी को लिखे निर्देशात्मक पत्र में कलेक्टर डॉ वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा है कि जिले का प्रत्येक प्राथमिक माध्यमिक हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल को असमाजिक तत्वों के कब्जे से मुक्त कराया जाए। शासकीय स्कूलों पर दबंगों के अवैध कब्जों को तत्काल मुक्त कराएं। शासकीय स्कूलों में सफाई और रंगाई पुताई कराई जाए। शासकीय स्कूलो में दबंगों व जनसामान्य के किसी भी प्रकार के सामान पशु आदि से तत्काल खाली कराया जाए। शासकीय स्कूलों का रिकॉड और फर्नीचर आदि का रखरखाव कर व्यवस्थित किया जाए।

---

बूचड़खानों में गाय-बैलों की तस्करी करता पाया गया

# बीजेपी के युवा मोर्चा का नेता, पुलिस ने दर्ज किया केस

**भोपाल।** बालाघाट पुलिस ने कथित तौर पर गाय-बैलों की तस्करी में लिप्त पाए गए भारतीय जनता युवा मोर्चा के स्थानीय नेता सहित 20 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। बताया गया है कि ये लोग गायों और बैलों की तस्करी करके उन्हें महाराष्ट्र के बूचड़खाने में भेजते थे। पुलिस ने डेढ़ सौ से ज्यादा गायों और बैलों को बरामद किया है। बालाघाट के लालपुर पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर रघुनाथ खाटरकर ने कहा कि पुलिस ने 165 गायों और बैलों को बालाघाट में जंगल के इलाके से एक गांव से बचाया गया है, जोकि महाराष्ट्र सीमा के नजदीक है। अधिकारी ने बताया कि 20 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, जिनमें मुख्य आरोपी मनोज परधी और



अरविंद पाठक सहित अन्य 18 लोग हैं। इनके खिलाफ आईपीसी की धारा 429 और मध्य प्रदेश गौवंश प्रतिशेध अधिनियम 2004, पशु क्रूरता रोकथाम अधिनियम और एमपी कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने 10 लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि मनोज और अरविंद के अलावा 8 अन्य फरार हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा, मुख्य आरोपी मनोज और अरविंद गायों और अन्य जानवरों की मौबाजार (बालाघाट में पशुबाजार) से खरीद करते थे। बाद में ये चरवाहों की मदद से मवेशियों को महाराष्ट्र सीमा पर मौजूद बोदालकासा गांव में ले जाते थे। यहां से एक व्यापारी पशुओं को महाराष्ट्र के बूचड़खानों में भेजता था।

## पीडब्ल्यूडी मंत्री को रिसीव करने नहीं पहुंचे एसडीओ और कार्यपालन यंत्री तो किया गया निलंबित

**भोपाल।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सूबे के पीडब्ल्यूडी मंत्री गोपाल भार्गव सागर पहुंचे थे, लेकिन जिला प्रशासन की तरफ से कोई भी अधिकारी सर्किट हाउस में उन्हें रिसीव करने नहीं पहुंचे थे। इसी मामले में कार्रवाई करते हुए अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ) जेएम तिवारी और कार्यपालन यंत्री हरिशंकर जायसवाल को निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही दोनों अधिकारियों को भोपाल अटैच किया गया है।

आपको बता दें कि पीडब्ल्यूडी मंत्री गोपाल भार्गव सागर में 26 जनवरी को ध्वजारोहण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। इसलिए एक दिन पहले वह रात 10 बजे भार्गव सागर सर्किट हाउस पहुंचे थे। लेकिन, प्रोटोकॉल के तहत जिला प्रशासन का कोई भी अधिकारी उन्हें रिसीव करने नहीं पहुंचा था। जबकि बताया जा रहा है कि, मंत्री के सागर आने की सूचना दोपहर में ही कलेक्टर कार्यालय को





भेज दी गयी थी। जानकारी के अनुसार, जिले के डी.एम. ने मंत्री भार्गव को रिसीव करने के लिए एसडीओ जेएम तिवारी और कार्यपालन यंत्री हरिशंकर जायसवाल की डयूटी लगाई थी, लेकिन दोनों तय समय पर सर्किट हाउस नहीं पहुंचे थे। इससे नाराज होकर भार्गव अपने गृहनगर गढ़ाकोटा चले गए थे। हालांकि सुबह मंत्री तय समय से पीटीसी ग्राउंड पहुंचे और ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली।

**मंत्री ने ख़फ़ा होकर कसा था तंज**-अधिकारियों के द्वारा रिसीव न करने पर भार्गव ने तंज कसते हुए कहा था कि हो सकता है अफसर पुताई करा रहे होंगे, इसलिए नहीं आए या फिर वे दिन भर काम करते थक गए होंगे और रात में जल्दी सो गए होंगे। उन्हें प्रोटोकॉल का ध्यान नहीं रहा होगा। मंत्री ने कहा कि वे प्रदेश भाजपा में सबसे वरिष्ठ नेता है, लेकिन उन्होंने कभी 1 मिनट के लिए भी इस बात का घमंड नहीं किया। इसलिए अफसरों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। अब लोक निर्माण विभाग ने प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने के आरोप में एसडीओ और कार्यपालन यंत्री को निलंबित कर दिया गया है। आदेश के मुताबिक दोनों इंजीनियरों को पीडब्ल्यूडी मुख्यालय भोपाल में अटैच किया गया है।



### मां ने दो लाख में कर दिया नाबालिग बेटी का सौदा बड़ी उम्र के शराबी से जबरन कराया निकाह

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के सिविल लाइंस क्षेत्र में मां ने नाबालिग बेटी का दो लाख रुपए में सौदा कर दिया। उसने नाबालिग बेटी से काफी ज्यादा उम्र के युवक के साथ निकाह कर दिया। बेटी की शिकायत पर सिविल लाइंस पुलिस ने मां और उसके पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बुधवार की शाम अगवानपुर में रहने वाली एक नाबालिग सिविल लाइंस कोतवाली पहुंची और यहां पर ससुरालियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा किया। उसका कहना था कि उसके परिजनों ने जबरन उसका निकाह एक शराबी के साथ करा दिया। ससुराल जाने पर मालूम हुआ कि उसकी मां व बहनों ने दो लाख रुपए में बेच दिया है। किशोरी का आरोप था कि उसकी मां व बहन चरित्रहीन है और कई के साथ उनके संबंध है। वह लोग उसे भी इस दलदल में खींचना चाहती थी, लेकिन इंकार करने पर दो लाख रुपए लेकर उसका जबरन निकाह करा दिया। किशोरी के अनुसार ससुराल में भी उसका उत्पीड़न किया जाता है और पति शराब पीकर दूसरों के साथ संबंध बनाने का दबाव डालता है। किसी तरह ससुरालियों के चंगुल से बचकर उसने यह बात अपनी दोस्त को बताई तो वह रिपोर्ट दर्ज कराने चौकी से लेकर आला अफसरों तक गई। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। दोनों ने जान का खतरा बताते हुए पुलिस से शिकायत करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सिविल लाइंस पुलिस ने नाबालिग की तहरीर पर उसकी मां सरवरी पत्नी वशी अहमद निवासी अगवानपुर और पति आमीर पुत्र रमजानी निवासी आदमपुर बिजनौर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। सीओ अंडर ट्रेनिंग दर्वेश कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### दीदी के देवर से शादी की जिद पर अड़ी प्रेमिका ने पीलीभीत हाईवे पर काटा हंगामा, जुटी भारी भीड़



**पीलीभीत।** एक युवती का अपनी दीदी के देवर से प्रेम प्रसंग हो गया। प्रेमी ने उससे शादी करने का वादा किया। लेकिन बाद में वह वादे से मुकर गया। गुरुवार को प्रेमी से मिलने आयी प्रेमिका ने उससे शादी की जिद पर अड़ गयी। लेकिन प्रेमी बहाने बनाने लगा। जिससे गुस्साई प्रेमिका ने पीलीभीत हाईवे पर खूब हंगामा किया। पुलिस दोनों को पकड़कर थाने ले आयी। जनपद पीलीभीत के जहानाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव के एक युवक का विवाह हाफिजगंज थाना क्षेत्र की एक युवती से दो वर्ष पूर्व हुआ था। इस दौरान युवक के छोटे भाई का अपने भाई की ससुराल में आना जाना था। जिसके चलते उसका अपनी भाभी की छोटी बहन से प्रेम प्रसंग हो गया। प्रेमिका ने उससे शादी करने को कहा तो वह बहाने बनाकर उसे टरकाने लगा। गुरुवार को प्रेमिका ने उसे कस्बे के पास स्थिति गांव में मिलने के लिए बुलाया। प्रेमी उससे मिलने आया तो वह उससे शादी की जिद पर अड़ गयी। प्रेमी ने उसे फिर बहाने बना टरकाया तो वह पीलीभीत हाईवे पर हंगामा करने लगी। जिससे वहां लोगों की भीड़ लग गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को पकड़ कर थाने ले आयी। थाने में प्रेमिका देर शाम तक प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ी हुई थी। पुलिस ने दोनों के परिजनों को थाने बुलाया है।

### यूपी एटीएस की जांच शुरू होते ही चीन चला गया गुरुग्राम का होटल मालिक

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय साइबर क्राइम गैंग के बारे में यूपी एटीएस की जांच शुरू होते ही गुरुग्राम (हरियाणा) स्थित होटल का मालिक कई हफ्ते पहले चीन भाग गया है। इस होटल के मालिक चीनी दंपति थे। इस बीच गैंग से जुड़े होने के कारण गिरफ्तार किए गए चीनी नागरिकों की गुरुवार को सात दिनों की पुलिस कस्टडी रिमांड पुलिस ने मंजूर कर दी है। एटीएस अब शुक्रवार से तीनों से पूछताछ शुरू करेगी। एटीएस ने मंगलवार को गुरुग्राम से ही चीनी नागरिक सुन जी यिंग को गिरफ्तार किया था।

### यूपी पंचायत चुनावः ग्राम प्रधान इलेक्शन में क्या स्वतंत्रता सेनानी आश्रितों के लिए होगा आरक्षण ?





प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक आदेश में कहा है कि ग्राम पंचायत चुनाव में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित के लिए आरक्षण का कोई प्रावधान न होने के कारण ऐसे आश्रित को आरक्षण का लाभ देने का आदेश नहीं दिया जा सकता। यह आदेश न्यायमूर्ति एसपी केशरवानी एवं न्यायमूर्ति डॉ वाईके श्रीवास्तव की खंडपीठ ने अलीगढ़ के अजय पाल सिंह की याचिका खारिज करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा कि याची के दावे को संविधान के अनुच्छेद 243 डी के परिप्रेक्ष्य में देखे जाने की आवश्यकता है। इसके तहत ग्राम पंचायतों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिलाओं को आरक्षण देने की व्यवस्था की गई है। ऐसा इसलिए किया गया है ताकि हासिये पर रह रहे लोगों को स्थानीय सरकार में उचित प्रतिनिधित्व दिया जा सके और वे भी लोकतंत्र की विकेंद्रीकरण प्रक्रिया में भाग ले सकें। जबकि सेनानी आश्रितों को आरक्षण देने के लिए ऐसा कोई उद्देश्य याची की ओर से न्यायालय के सामने नहीं रखा गया। संविधान के नौवें भाग में वर्णित अनुच्छेद 243 डी में सेनानी आश्रितों के लिए आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है ऐसे में याची के दावे का कोई वैधानिक आधार नहीं है। याचिका में आगामी ग्राम पंचायत चुनाव में गनगिरी जिला पंचायत अलीगढ़ को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित के लिए आरक्षित करने की मांग की गई थी। याची ने इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रत्यावेदन दिया था लेकिन उस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया।

## सुलतानपुर में प्रतापगढ़ के सराफा व्यापारी से 30 लाख की लूट

**सुलतानपुर।** लखनऊ- बनारस राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित अमहट चौराहे के पास सराफा कारोबारी से असलहे के बल पर बदमाशों ने लगभग 30 लाख लूट लिया। घटना के बाद बदमाश फरार हो गए। वह प्रतापगढ़ जिले का रहने वाला है। कोतवाली नगर थाना क्षेत्र स्थित पयागीपुर चौराहे से ई-रिक्शे पर बैठकर व्यापारी अमहट की ओर जा रहा था। तभी उसके पीछे बदमाश लग गए। अमहट के पास व्यवसायी के साथ लूट की घटना हुई । ऐसा लगता है कि रेकी करने में बदमाशों ने ठीक से होमवर्क किया था. पल -पल वह व्यवसाई की गतिविधियों पर नजर रख रहे थे। व्यापारी अक्सर अपने व्यापार के लिए बाहर निकलता था। पर, बीती रात जोखिम उठाना उसे भारी पड़ गया। प्रतापगढ़ और सुल्तानपुर में बड़े लेन-देन (माल) को लेकर चलने वाले व्यापारी बदमाशों के निशाने पर हैं। बीते दिनों इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। इससे पहले प्रतापगढ़ में लूट का विरोध करने पर व्यवसाई की गोली मारकर हत्या की गई है। गुरुवार रात व्यापारी से 30 लाख की लूट के मामले में जिले के आला अधिकारियों की नींद



शुक्रवार को सुबह में टूटी। वह भी शासन से आए फोन कॉल के बाद. घटनास्थल पर एसपी डॉ. अरविंद चतुर्वेदी साथ में सीओ सिटी सतीश चंद्र शुक्ला,स्वाट टीम प्रभारी अजय प्रताप यादव जांच करने पहुंचे। पुलिस को प्रारंभिक जांच में पता चला है कि प्रतापगढ़ के सर्राफा व्यवसाई प्रहलाद खंडेलवाल के दो कर्मचारियों से नगर कोतवाली के सीएमओ कार्यालय के निकट रात लगभग आठ बजे 30 लाख रुपए की लूट की बात प्रकाश में आई है। पुलिस ने ई-रिक्शा चालक को हिरासत में ले लिया है। कादीपुर क्षेत्र के ई रिक्शा चालक से पूछताछ के लिए क्षेत्राधिकारी नगर सतीश चंद्र शुक्ला व विजयमल सिंह यादव नगर कोतवाली पहुंचे हैं। गहन पूछताछ में कई राज खुलने की बात सामने आ रही है। स्वाट टीम प्रभारी अजय यादव और नगर कोतवाल भूपेंद्र सिंह घटनास्थल पर पड़ताल कर रहे हैं। मामले की जांच के लिए दोनों क्षेत्राधिकारी को लगाया गया है। दूसरी ओर नगर कोतवाल भूपेंद्र सिंह लूट को संदिग्ध मानते हैं कि कहीं कर्मचारियों ने पैसे को हजम करने के लिए लूट कांड तो नहीं दर्शाया इस विषय पर भी पुलिस तफ्तीश कर रही है।

मुजफ्फरनगर की सड़कों पर ट्रैक्टर परेड जैसा नजारा

# भाकियू का झंडा और राष्ट्रीय ध्वज लगा कर पहुंच रहे हैं किसान

**नई दिल्ली।** किसान महापंचायत को लेकर वेस्ट यूपी में पुलिस हाईअलर्ट पर है। मुज़फ्फरनगर प्रशासन नरेश टिकैत को मनाने में जुटा है। जिला प्रशासन महापंचायत स्थगित करने की अपील कर रहा है। राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान से पूर्व महावीर चौक को भारी पुलिस बल ने घेरा लिया। राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर भारतीय किसान यूनियन का महापंचायत का मंच बनाया जा रहा है।

दरअसल, नरेश टिकैत ने पंचायत कर आसपास के किसानों से गाजीपुर बॉर्डर पहुंचने का अह्वान किया। उन्होंने किसानों से आज (शुक्रवार) सुबह 11 बजे मुजफ्फरनगर के राजकीय इंटर कॉलेज पहुंचने को कहा है। नरेश टिकैत ने ट्वीट कर किसानों से सभी हाईवे पर टेंट लगाने की बात कही है। दूसरी ओर प्रशासन ने एहतियात के तौर पर दिल्ली जाने वाले हाईवे पर निगरानी बढ़ा दी है। ब्रजघाट, डासना और मेरठ-दिल्ली हाईवे पर फोर्स ने डेरा डाल दिया है। बुलंदशहर में जिले की सीमाएं सील करते हुए किसानों के मूवमेंट पर रोक लगा दी है।

**किसान परेड जैसा नजारा**-मुजफ्फरनगर की सड़कों पर ट्रैक्टर परेड का नजारा दिखाई दे रहा है। भाकियू का झंडा और राष्ट्रीय ध्वज लगा कर किसान पहुंच रहे हैं। पंचायत स्थल पर करीब तीन हजार किसानों की भीड़।

**पुलिस बल तैनात**-राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर भी भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**महापंचायत का मंच तैयार**-राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर भारतीय किसान यूनियन की महापंचायत का मंच तैयार हुआ 11:00 बजे का समय होने के बावजूद मैदान पर मंच तैयार करने



वाले करीब एक दर्जन कार्यकर्ताओं के अलावा अभी तक कोई नहीं पहुंचा है

**न्यायालय में नो वर्क घोंषित**-किसान महापंचायत को देखते हुए वाद कार्यों को होने वाली परेशानी के मद्देनजर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने न्यायालय में नो वर्क घोषित किया।

**भारी पुलिस बल तैनात**-राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान से पूर्व महावीर चौक को भारी पुलिस बल ने घेरा। राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर भारतीय किसान यूनियन का महापंचायत का मंच बनाया जा रहा है।

**जुटने लगी किसानों की भीड़**-एसडीएम और सीओ किसानों से बात करने पहुंचे पंचायत स्थल। किसानों को मनाने के प्रयास चल रहे हैं। अभी पंचायत में लोगों को आने दिया जाएगा या रोका जाएगा, इस पर निर्णय नरेश टिकैत से वार्ता के बाद ही होगा।

**प्रशासन ने की महापंचायत ना करने की अपील**-मुज़फ्फरनगर प्रशासन ने किसान महापंचायत स्थगित करने की अपील की। स्थानीय प्रशासन नरेश टिकैत से महापंचायत ना करने की अपील की है। पुलिस ने दिल्ली की ओर जाने वाली सभी सीमाएं सील कर दी है। वहीं दूसरी ओर बिजनौर में किसानों ने सड़क पर ही रात बिता कर अपना विरोध दर्ज कराया।

**संयुक्त किसान मोर्चा आज रखेगा उपवास**-अलीगढ़ से दिल्ली के चिल्ला व गाजीपुर बॉर्डर पर किसान आंदोलन में शामिल होने गए हुए थे। अब दिल्ली कांड के बाद भाकियू भानू गुट व भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले गए किसान वापस आ चुके हैं। टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष विमल तोमर ने बताया कि शीर्ष नेतृत्व के फैसले का इंतजार है। संयुक्त किसान मोर्चा ने केंद्रीय संगठन के अनुसार एक दिन के उपवास के लिए शुक्रवार को बैठक बुलाई है।

**मुरादाबाद मंडल के किसान बड़ी संख्या में लौटे, कई नेता भूमिगत**-मुरादाबाद मंडल के कई किसान नेता और उनके साथ गए किसान 26 जनवरी को ट्रैक्टर परेड के बाद या तो लौट आए हैं या धरने में होने के बाद भी नए सिरे से रणनीति बनाने में जुट गए हैं। कई नेता भूमिगत हो गए हैं। माना जा रहा है कि दिल्ली उपद्रव के बाद सरकार के सख्त तेवर के कारण वे सामने आने से बच रहे हैं। रामपुर के बिलासपुर में बुधवार को उस समय अचानक तनाव की स्थिति बन गई जब बड़ी संख्या में अफसर फोर्स के साथ इलाके के किसानों का नेतृत्व करने वाले नवाबगंज गुरुद्वारा के बाबा अनूप सिंह से मिलने पहुंचे। उनकी गिरफ्तारी की अफवाह पर सैकड़ों की संख्या में सिख समाज के लोग गुरुद्वारे पहुंच गए।

# सम्पादकीय

## इस अफसोसनाक अफसाने का अंजाम अभी बाकी है

टेलीविजन का छोटा परदा आज जिंदगी भर का दुख दे गया। सुबह से खबरिया चैनल दिल्ली की सड़कों पर उपद्रव की जो तस्वीरें पेश कर रहे थे, वे दिल हिला देने वाली थीं पर लालकिले में जो हुआ उसने इस दुख को कभी न खत्म होने वाली त्रासदी बना दिया। देखते-देखते लोगों ने भारतीय आन-बान-शान के प्रतीक इस दुर्ग की प्राचीरों पर कब्जा कर नारेबाजी शुरू कर दी। इसी बीच भीड़ के बीच से एक नौजवान ध्वज स्तंभ पर चढ़ता हुआ दिखाई दिया और जब तक हम मन में उभर रहे सवालों का जवाब ढूंढ पाते, उसने दो झंडे वहां लगा दिए। एक धार्मिक, दूसरा अपनी किसान यूनियन का। जिस स्तंभ पर वह चढ़ा हुआ था, उस पर देश के प्रधानमंत्री 15 अगस्त 1947 से झंडा फहराते आए हैं। बताने की जरूरत नहीं कि एक सेक्युलर देश में तिरंगे की जगह कोई और झंडा नहीं ले सकता। वह उदण्ड नौजवान कौन था, किसान? उस वक्त वे किसान नेता कहां मुंह छिपाए बैठे थे, जो कल तक पत्रकारों के सामने शेखी बघार रहे थे कि 26 जनवरी गणतंत्र का पर्व है और हम इसे शांति से मनाएंगे? उत्साह से मदमाते हुए उन्होंने यहां तक घोषणा कर दी थी कि हम पहली फरवरी यानि बजट दिवस के दिन संसद कूच करेंगे। क्या अब उनमें वह आब रह बची है? गणतंत्र दिवस की घटनाओं ने उनके दो माह पुराने आंदोलन को भी कलंकित कर दिया है। किसने सोचा था कि आजाद भारत का यह अनूठा आंदोलन इस दुर्गति को प्राप्त होगा? यहां पुलिस के उन मुट्ठी भर जवानों को सलाम, जिन्होंने हजारों की इस भीड़ में इन झंडों को उतारने की जांबाजी दिखाई। वे जब इस पुनीत कार्य को कर रहे थे, तब वहां मौजूद भीड़ इसका निषेध कर रही थी। यह जानना जांच एजेंसियों का काम है कि यह कुछ सिरफिरे लोगों की क्षणिक उत्तेजना से उपजी हरकत थी या कोई सुनियोजित साजिश? इन जांच एजेंसियों का भी क्या भरोसा कीजिए! दिल्ली पुलिस और खुफिया एजेंसियों में इन्हींके भाई-बंधु विराजते हैं। क्या किसानों को दिल्ली प्रवेश की इजाजत देते वक्त इन्होंने इस संभावना पर विचार नहीं किया था? उनकी इस लापरवाही ने देश को दुनिया के सामने न केवल शर्मसार किया बल्कि तमाम जहरीली आशंकाओं के बीज भी बो दिए हैं। ऐसा नहीं है कि सबक लेने के लिए उनके पास दृष्टांत नहीं थे। छ- दिसंबर 1992 में अयोध्या में भी तो ऐसा ही हुआ था। नेता आश्वस्त कर रहे थे कि कुछ नहीं होगा। राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा भी दाखिल कर दिया था पर जो हुआ वह बताने की जरूरत नहीं है। हमारे तंत्र को अपनी भूलों से सबक लेने की आदत कब पड़ेगी? चार दशक पहले पत्रकारिता का जो प्रशिक्षण मिला था, उसका निर्वहन करते हुए मैंने यहां धार्मिक प्रतीकों, नारों, आदि का खुलासा करने से परहेज किया है। हालांकि, यह कोशिश कितनी रंग लाएगी, मुझे इसमें संदेह है। टेलीविजन के जरिए अब ये सारे दृश्य आम हो गए हैं। सीमा पार बैठे हमारे शत्रु इनका दुरुपयोग कुछ लोगों की भावनाएं भड़काने के लिए कर सकते हैं। इन आंदोलनकरियों को पहले भी कुछ लोगों ने खालिस्तानी और देशद्रोही साबित करने की कोशिश की थी। आने वाले दिनों में राजनीति, कूटनीति और विद्वेष नीति के सौदागर क्या करेंगे, मैं इस वक्त उनकी चर्चा नहीं करना चाहता लेकिन सोशल मीडिया के अदृश्य विचारक तो अभी से ही शुरू हो गए हैं। जाहिर है, देश और कम से कम दो प्रदेशों की सरकारों को अभी कुछ महीने काफी जिम्मेदारी का परिचय देना होगा। उम्मीद है, वे भूलें दोहरायी नहीं जाएंगी, जिनका दोष इंदिरा गांधी पर मढ़ा जाता है।

# सरोगेसी

आजकल मातृत्व प्राप्ति में भी एक नया ट्रेंड चल रहा है सरोगेसी प्रक्रिया यानी कि भाड़े की कोख़ से बच्चा पैदा करने का। एक औरत के लिए माँ बनना बड़े सौभाग्य की बात होती है। ईश्वर ने औरत को जो सौगात बख्शि है खुद के अंदर एक जीव को पालने की उस सुखद लम्हों का अनुभव अवर्णनीय होता है। जो महिलाएं सिर्फ़ झंझट से छुटकारा पाना के लिए या फ़िगर मेइन्टेन रखने की चाह में सरोगेसी का सहारा लेकर मातृत्व के अनुभव से वंचित रहती है क्या वो माँ कहलाने के लायक है। बेशक सरोगेसी उनके लिए वरदान रुप है जो दंपत्ति माँ बाप बनने के लिए सक्षम नहीं है। देखते है सरोगेसी प्रक्रिया क्या है।इन दिनों पूरे इंडिया में सरोगेसी यानि मातृत्व प्रत्यारोपण/किराए की कोख काफी चर्चे में है। इसका मतलब आसान भाषा में अगर समझा जाए तो किसी और की कोख से अपने बच्चे को जन्म देना। अगर कोई पति-पत्नी बच्चे को जन्म नहीं दे पा रहे हैं, तो किसी अन्य महिला की कोख को किराए पर लेकर उसके जरिए बच्चे को जन्म देना सरोगेसी की प्रक्रिया कहा जाता है। बच्चा पैदा करने के लिए जिस महिला की कोख को किराए पर लिया जाता है, उसे सरोगेट मदर कहा जाता है। सरोगेसी की प्रक्रिया को समझे तो कुछ महिलाओं के गर्भाशय में प्राकृतिक-तकनीकी कमी के कारण भ्रूण का पूरा विकास नहीं हो पाता है। भ्रूण के परिपक्व होने के पहले ही महिला का गर्भपात हो जाता है। ऐसी स्थिति में ऐसी महिलाएं मातृत्व सुख से वंचित रह जाती हैं। लेकिन अब आईवीएफ तकनीकी की सहायता से ऐसी महिलाओं को भी मातृत्व का सुख दिया जाना संभव होने लगा है। ऐसी स्थिति में महिला के गर्भाशय में अंडे के फ़लन होने के बाद एक निश्चित अवधि पर उसे महिला के गर्भ से निकालकर एक अन्य स्वस्थ महिला के गर्भ में प्रत्यारोपित कर दिया जाता है जहां इसका पूर्ण विकास होता है। समय पूरा होने पर इससे एक स्वस्थ बच्चे का जन्म होता है। इसमें पति-पत्नी और एक तीसरी



महिला (किराए की कोख) सरोगेट मदर के नाम से जाना जाता है। कुछ समय पहले ही बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी सरोगेसी से मां बनी है। बॉलीवुड के कई कपल इससे पहले भी सरोगेसी से पेरेंट्स बन चुके हैं. इस लिस्ट में शाहरुख खान, आमिर खान, करण जौहर, एकता कपूर, तुषार कपूर जैसे कई स्टार शामिल हैं। आइए जानते हैं कि आखिर सरोगेसी क्या होती है? ट्रेडिशनल सरोगेसी- इस सरोगेसी में होने वाले पिता का स्पर्म सरोगेसी अपनाने वाली महिला के एग्स से मैच कराया जाता है. इस सरोगेसी में जैनिटक संबंध सिर्फ पिता से होता है। जेस्टेशनल सरोगेसी- इस सरोगेसी में होने वाले माता-पिता के स्पर्म और एग्स का मेल टेस्ट ट्यूब के जरिए कराने के बाद इसे सरोगेट मदर के यूट्रस में प्रत्यारोपित कर दिया जाता है। सरोगेसी में कोई भी शादीशुदा कपल बच्चा पैदा करने के लिए किसी महिला की कोख किराए पर ले सकता है। सरोगेसी से बच्चा पैदा करने के पीछे कई वजहें हैं, जैसे कि अगर कपल के अपने बच्चे नहीं हो पा रहे है, महिला की जान को खतरा है या फिर कोई महिला खुद बच्चा पैदा करना नहीं चाह रही हो। जो औरत अपनी कोख में दूसरे का बच्चा पालती है, वो सरोगेट मदर कहलाती है. सरोगेसी में एक महिला और बच्चे की चाह रखने वाले कपल के बीच एक एग्रीमेंट किया जाता है, इसके तहत इस प्रेग्नेंसी से पैदा होने वाले बच्चे के कानूनन माता-पिता वो कपल ही होते हैं, जिन्होंने सरोगेसी कराई है। भारत में सरोगेसी का खर्च 10 से 25 लाख रुपए के बीच आता है, जबकि अमेरिका में इसका खर्च करीब 60 लाख रुपये तक आ सकता है। कई बार ऐसा भी होता है कि बच्चे को जन्म देने के बाद सरोगेट मदर इमोशनली अपनी कोख में पले बच्चे से इतनी अटैच हो जाती है कि बच्चा देने से मना कर देती है। इसके अलावा यदि जन्म लेने वाली संतान विकलांग पैदा हो जाए या उसमें किसी तरह का दूसरा विकार हो तो इच्छुक दंपत्ति उसे लेने से भी मना कर देते हैं। इस तरह से सरोगेसी के दुरुपयोग को देखते हुए अब भारत में इसे लेकर तमाम नियम तय कर दिए गए हैं। ज्यादातर गरीब महिलाएं आर्थिक दिक्कतों के चलते सरोगेट मदर बनती थीं, सरकार की तरफ से इस तरह की कॉमर्शियल सरोगेसी पर लगाम लगा दी गई है। सरोगेसी रेगुलेशन बिल 2019 में कई नए नियम कानून बनाए गए हैं, इसमें कॉमर्शियल सरोगेसी पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अब सिर्फ बेऔलाद दंपत्ति की मदद करने के लिए ही सरोगेसी का ऑप्शन खुला रह गया है। कॉमर्शियल सरोगेसी पर रोक लगाने के साथ ही नए बिल में अल्ट्रस्टिक सरोगेसी को लेकर भी नियम-कायदों को सख्त कर दिया गया है। इसके तहत विदेशियों, सिंगल पैरेंट, तलाकशुदा जोड़ों, लिव इन पार्टनर्स और एलजीबीटी समुदाय से जुड़े लोगों के लिए सरोगेसी के रास्ते बंद कर दिए गए हैं। हर क्रिया के दो पहलू होते है अच्छा और बुरा वैसे पर हर चीज़ नियम से हो तभी बेहतर है।

**(ावना ठाकर, बेंगुलूरु)ऋभावु**

## क्यों हम सबको छोड़ गए




अंतर्मन है सबका पीड़ित हृदय विदारक बात हुई
तन रोता है मन रोता है आंसू की बरसात हुई
क्या गलती हम से हो गई थी जो यूं मुंह को मोड़ गए
हम सबको संताप दे गए, क्यों हम सबको छोड़ गए
सुना नहीं शायद ईश्वर ने हम सबकी फरियादों को
बढ़ा दिया हम सबके जीवन में दुख की तादादों को
जीवन भर का हूक दे गए, गम से नाता जोड़ गए
हम सबको संताप दे गए, क्यों हम सबको छोड़ गए
अपना हो या गैर कोई हो , सबकी छाती फटती है
सबके सांसों की डोरी , बस नाम आपका रटती है
टूट गई उम्मीद सभी की, नेह का नाता तोड़ गए
हम सबको संताप दे गए, क्यों हम सबको छोड़ गए
लौट के फिर से आ जाओ, ये घर की माटी कहती है
मां का आंचल कहता है ये पिता की लाठी कहती है
भईया-भाभी के सारे सपनों को पल में तोड़ गए
हम सबको संताप दे गए, क्यों हम सबको छोड़ गए
प्यारी बहनों की राखी का कोई ना आधार रहा
सात जनम का रिश्ता भी सीने पर मुक्का मार रहा
फूल से कोमल बच्चों के मन को भी मरोड़ गए
हम सबको संताप दे गए, क्यों हम सबको छोड़ गए

**विक्रम कुमार**
**मनोरा, वैशाली**



खुद में कुछ उलझीं सी हूँ, क्यूं न
सुलझा कर देखा जाए ।
लोग पूछें सबब मेरी खुशियों का,क्यूं
न मुस्कुरा कर देखा जाए ।।
खुद की नजर न लगे मुझें, खुद से
पर्दा करके देखा जाए ।
जो खूवाब देखे है इन आँखों ने,क्यूं
न इन्हें मुक़म्मल देखा जाए ।।
गलियों को जन्नत समझकर,बहुत जी लिया इस जिंदगी को ।
क्यूं ना अब इस दायरे को, जरा फैलाकर देखा जाए ।।
बहुत देख लिए आसमान के, इन रोशन सितारों को ।
क्यूं ना अब खुद को, एक सितारा बनाकर देखा जाए ।।
और जो उलझी सी थी, उसको जुलझा कर देखा जाए ।
मुश्किलों में भी, हर वक़्त मुस्कुरा कर देखा जाए ।।

**डॉक्टर प्रिया पचौरी**
**वेटनरी कॉलेज जबलपुर(मध्यप्रदेश)**

## हर हर महादेव

माफ़ नहीं करना है,
जो भी अत्याचार करे!
बनके परशुराम हम,
आओ इनका संहार करे।।
असहाय डरपोक समझ रहे जो,
उन पर शस्त्र से वार करे
नहीं सहेंगे ,अब लड़ेंगे ,
पापियों से जग का उद्धार करे।
दुष्ट प्रवित्ती वो दुराचारी,
दुष्परिणाम से अब वो डरे।
किया जो सर्मनाक करतूत,
हिन्दुओं कब तक मरे।।
बहुत हो चुका सत्य संदेश।
और वो हिर्दयघात करे,
मार गिराकर उनको जग से,
भारत का बेडापार करे।।

**हर हर महादेव**
**गोपी वर्मा**
**गायक एवम् मंच संचालक**
**ग्राम - टूरिपार (घुमका)**

## तत्कालीन परिस्थिति पर आधारित ग़ज़ल



देश के ग़द्दारों अब तुमसे बग़ावत ज़रूरी है,
वतन की ख़ातिर मिट जाने को चाहत ज़रूरी है ।
गुनाह किया है तूने जो तिरंगे के पास जाके अब,
तुझे सबक़ सिखाने को अब थोड़ी हिमाक़त ज़रूरी है ।
क्यों तू चल रहा भेड़ों में छिप ये भेड़िए सी चाल,
तेरे होश उड़ाने को अब थोड़ी तो हिम्मत ज़रूरी है ।
जहाँ अनेकता में एकता की मिसाल है ये भारत ,
उस वतन के लिए तेरी रूह में मुहब्बत ज़रूरी है ।
मेरा मौन देख ये न सोच कि बिसर गया मैं सब,
शीत युद्ध सा ख़ामोश हूँ शराफ़त ज़रूरी है ।।
ग़र चाहूँ तो ध्वस्त कर दूँ क्षण भर में तेरे सारे इरादे,
जड़ से मिटाने को तुझे सबकी एक ही शिद्दत ज़रूरी है।
घड़ी-घड़ी तेरे क्रोध का जो आवेश उबलता-उफनता,
'मिलन' कहे कुछ पाने को सच्ची इबादत ज़रूरी है ।।

**भावना अरोड़ा 'मिलन'**
**कालकाजी,नई दिल्ली**

## संस्कार



आशा एक समझदार, सुलझी हुई , सुन्दर और सुशील लड़की है माता-पिता नहीं है मामा ने पाल-पोस कर बड़ा किया और बहुत बड़े घर मे शादी तय कर दी , शादी को ( 10) दस दिन रह गए , मामा हर समय कहते थे , स्कुटी चलाना सीख लो , इतने बड़े घर और इतने बड़े शहर जा रही हो , लोग क्या कहेंगे , कुछ भी चलाना नहीं आता । स्कुटी चलाना सीख रही थी कि एक दिन स्कूटी चलाते हुए आशा का एक्सीडेंट हो गया और एक हाथ की तीन उंगलियां काटनी पड़ी , डाक्टर ने कहा कम से कम एक महीना लगेगा ठीक होने में । बिचोलिए को पता चला मिलने आया ,

नमस्ते शर्मा जी

अरे आइये - आइये , साहु साहब , नमस्ते जी ।

कैसी है बिटिया अब

आपरेशन तो ठीक हो गया , तीन उंगलियां काटनी पड़ी, आंखों में आंसु भरते हुए अब इस बच्ची से कौन शादी करेगा , मुझे नहीं लगता कि आकाश अब आशा से शादी करे , और परिवार की भी तो राय लेनी होती है

÷ शर्मा जी आप चिन्ता ना करें आकाश ऐसा लड़का नहीं ना ही आकाश के चाचा ने ऐसे संस्कार दिए हैं बच्चों को ( दरअसल आकाश के माता - पिता कार एक्सीडेंट में मारे गए, चाचा ने पाला। )

साहु जी आकाश के परिवार को बताते हैं , आकाश चाचा से आशा को मिलने की आज्ञा लेताहै ।

आकाश बेटा हम भी चलेंगे अपनी बहु को मिलने ।

सब मिलकर अस्पताल आए । आकाश आशा के मामा से मामा जी अगर आप को कोई शंका है विवाह के लिए तो मैं अभी सबके सामने मांग भरता हूं जेब से सिंन्दूर की डिबिया निकाली कर आशा की मांग भर दी । और ठीक होने पर शादी की ?।

**दोनों परिवार संग खुश हैं ।**
**मौलिक एवं स्वरचित**
**प्रेम बजाज, जगाधरी ( यमुनानगर )**

## वादे से इरादे तक



जनमानस है पूछ रहा अब, सत्ता के गलियारों से।
आखिर कैसे खेल गए ओ हाथ लिए तलवारों से?
लाल किला ही राज-मुकुट था, तोड़ दिया गद्दारों ने?
हिला दिया दिल्ली को कैसे फिर अशांति के नारों ने?1
देशद्रोहियों का मकसद तो देश तोड़ने वाला था।
चेहरे पर तो बस नकाब था, अंतर्मन तो काला था।
भारत के न्यायालय पर भी उनको नहीं भरोसा था।
क्योंकि मन में षड्यंत्रों को पहले से ही पोसा था।
खुद की कथनी करनी में ही भेद किया मक्कारों ने!
हिला दिया दिल्ली को कैसे फिर अशांति के नारों ने?
देश नहीं झुकने दूंगा यह शपथ तुम्हीं ने खाई थी?
रामराज्य का स्वप्न दिखाकर, छेड़ी स्वयं लड़ाई थी।
लुटती रही आन भारत की हाथ बांध तू खड़ा रहा।
तेरे बल पौरुष के सम्मुख, कैसे दुश्मन अड़ा रहा?
फिर भी तेरी ही गाथा को छाप दिया अख़बारों ने,
हिला दिया दिल्ली को कैसे फिर अशांति के नारों ने?
तुम भी खेल जुए में शायद हार गया था माता को।
कैसे यह स्वीकार हो गया भारत भाग्य विधाता को?
चीर हरण हो गया दुबारा खड़ा दुशासन मुस्काया।
भारत मां की लाज बचाने कोई कृष्ण नहीं आया?
घर की गरिमा खुद ही देखो लूट लिया था यारों ने,
हिला दिया दिल्ली को कैसे फिर अशांति के नारों ने?
मै प्रहरी हूं सजग देश का? खुद को क्यों बतलाया था?
आखिर क्यों जनता ने तुमको चौकीदार बनाया था?
भारत का हर एक नागरिक, निष्फल तुम्हें बताएगा।
जो कलंक लग गया देश पर कभी नहीं मिट पाएगा।
राष्ट्रवाद की नई इबारत लिखा आज अंगारों ने,
हिला दिया दिल्ली को कैसे फिर अशांति के नारों ने?

**कवि अरुण शुक्ल अर्जुन**
**रत्यौरा करपिया कोरांव प्रयागराज**

## गुमराह



माँगे
फरियाद
आंदोलन
धरना
होता जब भी
लेकर किसी न्यायिक जांच
या किसी नीति के विरुद्ध
क्यों चढ़ जाता उस पर
राजनीतिक कलेवर
और असली मुद्दा हो जाता गुमराह हमेशा दबकर
नेताओं, पार्टियों, अखबारों, मीडिया की सुर्खियां बनकर
होता कभी भी न्याय नहीं
मासूम लोग बस बन जाते बलि के बकरे
नाम पर आंदोलन के
फिर चाहे रहा हो युवा आंदोलन, किसी क्राइम के खिलाफ जन
आंदोलन, आरक्षण के खिलाफ, नीतियों , बिल के खिलाफ
हो मसला कोई भी
हो मामला कोई भी
हो समस्या कोई भी
हो लड़ाई कोई भी
हो रोष कोई भी
असली मसला, असली मुद्दा
हो जाता हमेशा ही गुमराह
खोकर पार्टियों ,नेताओं बयानबाजी, अटकलें, टिप्पणियां
और कुछ शरारती तत्वों की मनमानियां
बस हर बार इसी तरह दब कर रह जाता है हो मसला कोई भी कभी भी
कैसी विडंबना है ये
कैसी नियति है ये
इंसाफ के नाम पर बस
हो जाता हल्ला, तमाशा बस हर बार ।।

**.....मीनाक्षी सुकुमारन**
**नोएडा**

## जिंदगी



तुम मेरी जिंदगी की आदत हो,
तुम मेरी जिंदगी की आदत हो,
अब जिंदगी की इबादत हो।।
लोग फूल के बदले पत्थर फेकेंगे,
तेरे लिए मेरी यही शहादत हो।।
शिद्दत से रोज तेरे सपनों में आता हूं,
रूबरू नहीं आता यही तेरी शिकायत हो।।
बदन से महक बन हवा बहती है इधर,
शायद तेरी खुशबुओं की बगावत हो।।
सरेराह सूली पर चढ़ा दिया मुझे,
खुश हूँ,शायद इसमें तेरी इजाजत हो।।
आए ना आए मेरा खयाल जेहन में तेरे संजीव,
दुआ है, तेरी जिंदगी सही सलामत हो।।

**संजीव ठाकुर**
**अंतराष्ट्रीय कवि रायपुर**

## किसान आंदोलन पर कविता

आज के दौर में वही परेशान है,
जो मेहनत करने वाला किसान है।
सरकार वादे पर वादा कर रही है,
लेकिन किसान की किस्मत नही बदल



रही है,
पक्ष हो या विपक्ष दोनों ही छल रही है,
यहाँ तो सरकार भी भगवान भरोसे चल रही है।
आज के दौर में वही परेशान है,
जो मेहनत करने वाला किसान है।
कर्ज के दबाव में किसान आत्महत्या कर रहा है,
किसान आन्दोलन के नाम पर बेमौत मर रहा है,
देश का किसान कागजों में खूब तरक्की कर रहा है,
अपने हक के लिए सड़कों पर ठंड में मर रहा है।
आज के दौर में वही परेशान है,
जो मेहनत करने वाला किसान है।
किसानों को यह खलता है,
सत्ता हमेशा उसे छलता है,
किसान परेशानी की आग में जलता है,
पर उनका किस्मत नही बदलता है।
आज के दौर में वही परेशान है,
जो मेहनत करने वाला किसान है.
तकलीफ और बेरोजगारी की मार सहते है,
लेकिन किसान के बेटे अब किसान नही बनते है,
सड़कों पर दूध देने वाली गाय भूख से मरती है,
सरकार सब कुछ देखकर भी कुछ नही करती है।
आज के दौर में वही परेशान है,
जो मेहनत करने वाला किसान है।
ना जाने कब किसानों की तरक्की होगी,
उनके बच्चों की बुनियादी जरूरते पूरी होंगी,
ना जाने कब किसानों के चेहरे पर मुस्कान होगी,
ना जाने कब किसानो की किस्मत धनवान होगी।

**आकाशवाणी वरिष्ठ श्रोता छैलाराम मेघवाल मेलाणा जोधपुर।**

## प्रभु श्री राम नाम जहां - सर्वोत्तम स्थान वहां



भारत का राष्ट्रीय त्यौहार 72वां गणतंत्र दिवस के दिन राजपथ पर निकली परेड में इस बार प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या, उत्तर प्रदेश की ओर से भव्य श्री राम मंदिर मॉडल की झांकी प्रस्तुत की गई। अयोध्या में बन रहे भव्य और दिव्य मंदिर का वैभव, देश की राजधानी में राजपथ के जरिये सारे विश्व ने देखा। उत्तर प्रदेश की ओर से प्रस्तुत की गई झांकी में सामाजिक सद्भाव व सांस्कृतिक विरासत के उत्कृष्टतम उदाहरण की झलक देखने को मिली। उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर शीर्षक से प्रस्तुत की इस झांकी में प्रभु श्रीराम की धरती पर बन रहे मंदिर सहित वहां की संस्कृति, परंपरा, कला और विभिन्न देशों से अयोध्या व प्रभु राम से संबंधों का अति उत्तम चित्रण किया गया था। साथ ही वर्ष 2018 से श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रारंभ किए गए ऐतिहासिक भव्य दीपोत्सव को भी दिखाया गया। इसके साथ ही दीवार पर बनें चित्रों में प्रभु श्री राम द्वारा निषादराज को गले लगाते, शबरी के जूठे बेर खाते हुए, अहिल्या का उद्धार करते, हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाया जाना, जटायु-राम संवाद, लंकापति रावण की अशोक वाटिका और अन्य दृश्यों को दिखाया गया। उत्तर प्रदेश की झांकी जैसे ही राजपथ पर गुजरी, झांकी में प्रस्तुत दृश्यों को देखकर हर कोई मंत्र मुग्ध हो गया। तालियों के साथ स्वागत करते हुए सभी लोग अपनी अपनी जगह पर हाथ जोड़कर खड़े हो गए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मुख पर भी, श्री राम मंदिर का मॉडल देखकर आभा छा गई। जैसा कि हम सब जानते है कि पिछले वर्ष पवित्र नगरी अयोध्या में श्री राम मंदिर के शिलान्यास समारोह में प्रधानमंत्री ने सबके हैं राम का संदेश भी दिया था। राजपथ पर निकली भिन्न भिन्न राज्यों की झांकियों में से उत्तर प्रदेश की भव्य झांकी को सर्वोत्तम स्थान मिला है। श्री राम मंदिर का मॉडल की झांकी को देश की अन्य सभी झांकियों में सबसे अच्छा चुना गया। केंद्रीय युवा एवं खेल मंत्री श्री किरण रिजिजु ने 28-01-2021 को झांकी को पहला पुरस्कार प्रदान किया। उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से अपर मुख्य सचिव सूचना श्री नवनीत सहगल, सूचना निदेशक श्री शिशिर और टीम ने दिल्ली में पुरस्कार ग्रहण किया। सूचना निदेशक श्री शिशिर ने ट्वीट किया, %इस वर्ष के गणतंत्र दिवस में उत्तर प्रदेश की भव्य झांकी को प्रथम स्थान पाने का गौरव प्राप्त, सारी टीम को दिल से बधाई। गीतकार वीरेंद्र सिंह को विशेष आभार। बता दें कि लखनऊ के गीतकार व साहित्यकार वीरेन्द्र सिंह ने इस झांकी का शीर्षक गीत में अयोध्या और सीता-राम के प्रति जनमानस की आस्था का उल्लेख किया है। मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ ने भी झांकी की तस्वीर अपने ट्विटर पर पोस्ट की। तस्वीर पोस्ट करते समय लिखा, जहां अयोध्या सियाराम की, देती समता का संदेश, कला और संस्कृति की धरती, धन्य-धन्य उत्तर प्रदेश।

**ऋषि कुमार दीक्षित**
**एटा, उत्तर प्रदेश**

**दूसरी बार मां बनने जा रहीं करीना कपूर की डिलीवरी फरवरी में होगी इस बात की पुष्टि करीना के पति और अभिनेता सैफ अली खान ने एक इंटरव्यू में की।**





फरवरी में होगी करीना कपूर की दूसरी डिलीवरी, सैफ बोले-

# दूसरे बच्चे का होना बहुत बड़ी जिम्मेदारी है

दूसरी बार मां बनने जा रहीं करीना कपूर की डिलीवरी फरवरी में होगी। इस बात की पुष्टि करीना के पति और अभिनेता सैफ अली खान ने एक इंटरव्यू में की। इससे पहले कई रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि करीना की डिलीवरी मार्च में होगी। फिल्मफेयर से बातचीत में सैफ ने कहा कि फरवरी की शुरूआत में करीना की डिलीवरी हो जाएगी। उनके मुताबिक, वे और करीना आने वाले नन्हे मेहमान को लेकर काफी चिल्डआउट हैं। बकौल सैफ, पिछले कुछ महीने से सबकुछ शांति से चल रहा है। मैं कभी-कभी सोचता हूं कि अचानक से बेबी आएगा और मुझे कहेगा हाय, फिर मैं उससे पूछूंगा क्या? कहां से। हम इसे लेकर बहुत कैजुअल हैं, साथ ही एक्साइटेड भी हैं। इस दौरान सैफ ने यह भी कहा कि दूसरे बच्चे का होना बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। उनके मुताबिक, इसे लेकर वे कुछ हद तक डरे हुए हैं। लेकिन यह डर उस एक्साइटमेंट के आगे कुछ नहीं है, जो घर में बच्चों की दौड़ को लेकर है। सैफ और करीना ने 16 अक्टूबर 2012 को मुंबई में शादी की थी। 20 दिसंबर 2016 को उनके बेटे तैमूर अली खान का जन्म हुआ। 12 अगस्त 2020 को सारा अली खान (सैफ और उनकी पहली पत्नी अमृता सिंह की बेटी) के 25वें जन्मदिन पर सैफ-करीना ने ऐलान किया था कि वे दूसरी बार पैरेंट्स बनने जा रहे हैं। करीना कपूर इन दिनों अपने वर्क कमिटमेंट्स पूरे करने में व्यस्त हैं। दूसरे बच्चे के जन्म से पहले वे इन्हें पूरा करना चाहती हैं। वे आमिर खान स्टारर लाल सिंह चड्ढा में अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी, हो इसी साल क्रिसमस पर रिलीज होगी। वहीं सैफ की बात करें तो वे आखिरी बार वेब सीरीज तांडव में नजर आए थे। उनकी अपकमिंग फिल्मों में बंटी और बबली 2 और भूत पुलिस शामिल हैं।

अनुष्का शर्मा ने जब लिप जॉब को लेकर की थी खुलकर बात

# बोलीं- मेरे पास कुछ भी छिपाने के लिए नहीं था



**सेलिब्रिटीज किरदार में ढलने के लिए कुछ भी करते हैं। डाइट बदलने से लेकर वजन बढ़ाने या घटाने, प्रोस्थेटिक का इस्तेमाल, बॉडी बनाना, यह सब सिल्वर स्क्रीन पर अच्छे लगने और फिल्म करने के लिए सेलेब्स करते हैं। साल 2014 में फिल्म बॉम्बे वेल्वेट के लिए कुछ ऐसा ही अनुष्का शर्मा ने किया था। उन्होंने पाउट करने के लिए लिप जॉब कराया था।**

करण जौहर के शो कॉफी विद करण में अनुष्का शर्मा ने इस बारे में खुलकर बात की थी। उन्होंने कहा था कि अचानक से मैं ट्रोल होने लगी थी। अपने लिप्स के बारे में ट्वीट करते हुए अनुष्का ने कहा था कि यह लिप एनहान्सिंग टूल का कमाल है और मेकअप तकनीक है। अनुष्का ने कहा था, कुछ समय के लिए मुझे लिप एनहान्सिंग टूल का इस्तेमाल करना था, इसलिए पिछले कुछ टाइम से मेरे लिप्स अलग लग रहे हैं। मैंने कोई प्लास्टिक सर्जरी नहीं कराई है। यह मेरा निर्णय था और यह मैंने एक फिल्म के लुक के लिए किया। बॉम्बे वेल्वेट में मैं एक जैज गर्ल का किरदार निभा रही थी, जिसके लिए इसे करने की जरूरत थी। इसके बाद वॉग मैगजीन संग बातचीत में अनुष्का शर्मा ने कहा था कि मेरे पास कुछ भी ऐसा नहीं, जिसे मैं लोगों से छिपाऊं। तो जब मैंने अपने लिप जॉब के बारे में बात की, कई लोगों ने मुझे बहादुर बताया। मैंने सिर्फ वही किया जो मुझे करना था। मैं एक इंसान हूं और परफेक्ट नहीं हूं।

# नील भट्ट और ऐश्वर्या शर्मा ने अब शादी करने का मन बना लिया



गुम है किसी के प्यार में शो में नजर आने वाले नील भट्ट और ऐश्वर्या शर्मा ने अब शादी करने का मन बना लिया है' दोनों की रोका सेरेमनी की तस्वीरें सोशल मीडिया वायरल हो रही है' टीवी शो गुम है किसी के प्यार में में कपल के तौर पर नजर आनेवाले नील भट्ट और ऐश्वर्या शर्मा ने अपने सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर की है' दोनों तस्वीरों में बहुत खूबसूरत लग रहे हैं' दोनों ट्रेडिशनल लुक में नजर आ रहे हैं' ऐश्वर्या ने पास्ता ग्रीन कलर का कुर्ता पहन रखा है, जिसमें फूलों की डिजाइन की गई है' वहीं नील ने कुर्ता और पैंट पहन रखा है, उन्होंने इसे एक शानदार जर्नी भी बताया है' दोनों जल्द शादी करने वाले हैं' दोनों एक-दूसरे के साथ काफी खुश नजर आ रहे थे' तस्वीरें शेयर करने के बाद प्रशंसकों ने उन्हें बधाई दी है' नील और ऐश्वर्या ने फोटो शेयर करते हुए लिखा, पागलपन से अब शादी की ओर, हमारा प्यार खिल रहा है' हम जीवन भर के लिए एक हो रहे हैं' इसके बाद दोनों को मिताली नाग, चांदनी बागवानी और किशोरी शहाणे जैसे कलाकारों ने बधाई दी' गुम है किसी के प्यार में की टीआरपी बहुत अच्छी है' यह शो टॉप 5 टीआरपी शो में आता है' नील और ऐश्वर्या की जोड़ी पसंद की जाती है' सभी ओर से उन्हें बधाई दी जा रही है। गुम है किसी के प्यार में शो मेंआयशा सिंह और सूरज सोनिक अपनी शानदार एक्टिंग के साथ दर्शकों को लुभा रहे हैं। दोनों शो में साई और अनिकेत की भूमिका निभा रहे हैं। इस शो में अनिकेत की एंट्री के साथ एक कपल ड्रामा देखने को मिल रहा है' शो में विराट चव्हाण (नील भट्ट) अनिकेत की एंट्री से जलन रखते है। अनिकेत की एंट्री से शो में साई और विराट के बीच कई आकर्षक पल भी आए है।

## गिगी हदीद पर अपनी बेटी का छाया खुमार



सुपरमॉडल गिगी हदीद पर पूरी से उनकी बेटी का खुमार छाया हुआ है। गिगी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी बेटी खाई की कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जो अभी सिर्फ चार ही महीने की है। फिलहाल जेन मलिक को डेट कर रही। शेयर तस्वीरों में से एक में उन्होंने जेन को भेजे अपने एक टेक्स्ट मैसेज को शेयर किया है, जिसमें लिखा ?कि मैं हमारी बेटी को लेकर ओब्सेस्ड हूं। वहीं, दूसरी तस्वीर में गिगी अपनी बेटी को गोद में ली हुई हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा ?कि मेरी 4 महीने की बेटी, सबसे प्यारी बच्ची है। बता दें ?कि गिगी ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी बेटी के नाम को एक बेहद ही खास अंदाज में साझा किया। अपने इंस्टाग्राम बायो को अपडेट करते हुए उन्होंने लिखा खाई की मां। यह पहली बार है, जब गिगी ने अपनी बच्ची के नाम को सार्वजनिक किया।

## एरियल योगासन करते नजर आई सारा अली



बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान इस समय मालदीव में अपनी छुट्टियां मना रही हैं। वहां से उन्होंने सोशल मीडिया पर फिटनेस वीडियो शेयर किया। इस वी?डियो में अभिनेत्री एरियल योग करते हुए नजर आ रही हैं। सारा ने यह वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया किया है, जिसमें वह एक योगा झूला की मदद से एरियल योगा करती नजर आ रही हैं। वह काले रंग की क्रॉप टॉप और नारंगी रंग की शॉर्ट्स पहने झूलती नजर आ रही हैं। शेयर तस्वीर को उन्होंने कैप्शन दिया कि स्वीमिंग इंटू द वीकेंड। बता दें कि अभिनेत्री अपने सोशल मीडिया पर प्रशंसकों के साथ अपने वर्कआउट शेड्यूल शेयर करती रहती हैं। वर्तमान में, अभिनेत्री भाई इब्राहिम अली खान और मां अमृता सिंह के साथ मालदीव में छुट्टियां मना रही हैं।

# पामेला एंडरसन ने छठी बार रचाई शादी, इस बार बॉडीगार्ड को बनाया हमसफर, कहा- लंबे रिलेशन की उम्मीद





एक्ट्रेस और प्लेबॉय मॉडल पामेला एंडरसन ने छठी बार शादी कर ली है। एंडरसन ने यह शादी अपने बॉडीगार्ड डैन हेहर्स्ट के साथ रचाई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों ने बीते साल क्रिसमस के मौके पर शादी की थी। डेली मेल से बातचीत में पामेला एंडरसन ने शादी करने की पुष्टि की है। एंडरसन ने कहा, मैंने अपने दादी-दादा की ओर से खरीदी गई प्रॉपर्टी में शादी रचाई है। इसे 25 साल पहले लिया गया था। यही मेरे माता-पिता की शादी हुई थी और आज तक साथ हैं। मुझे लगता है कि हमारा भी साथ लंबा होगा। यह पामेला एंडरसन की छठी शादी है। पहली बार उन्होंने 1995 में टॉमी ली से शादी की है, उनसे उनके दो बच्चे हैं। टॉमी ली से उनकी शादी तीन साल बाद ही 1998 में टूट गई थी और फिर उन्होंने 2006 में किड रॉक से शादी की थी। दोनों की शादी एक साल ही चली थी। फिर 2007 में ही उन्होंने रिक सेलोमॉन से शादी की थी, लेकिन 2008 तक ही चली थी। हालांकि दोनों ने फिर से 2014 में शादी रचाने का फैसला लिया था, लेकिन 2015 में एक बार फिर से तलाक हो गया था। 2020 में पामेला ने जॉन पीटर्स से शादी की थी, लेकिन यह महज 12 दिन ही चल सकी। पामेला एंडरसन को लेकर इस बात की भी चचाएं एक बार थीं कि वह विकिलीक्स के फाउंडर जूलियन असांजे के साथ रिलेशनशिप में हैं। पामेला एंडरसन ने लंदन स्थित इक्वाडोर के दूतावास का भी कई बार दौरा किया था। यहां असांजे 2012 से ही राजनीतिक शरणार्थी के तौर पर रह रहे हैं। इसी सप्ताह की शुरूआत में पामेला एंडरसन ने बताया था कि वह सोशल मीडिया छोड़ देंगी। उन्होंने ऐलान किया था कि वह ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अब पोस्ट नहीं करेंगी। एक पोस्ट करते हुए पामेला ने कैप्शन में लिखा था, ट्विटर, फेसबुक या इंस्टाग्राम पर यह मेरा लास्ट पोस्ट होगा। पामेला एंडरसन का कहना था कि वह कभी भी सोशल मीडिया से प्रभावित नहीं थीं।



# रोहन श्रेष्ठ से शादी करेंगी श्रद्धा कपूर?

## पापा शक्ति बोले- मुझे नहीं बताया लेकिन मैं उसके हर फैसले में साथ



वरुण धवन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर संकेत दिए थे कि एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर जल्दी ही फोटोग्राफर रोहन श्रेष्ठ से शादी कर सकती हैं। पोस्ट वायरल होने के बाद अब श्रद्धा के पिता और दिग्गज अभिनेता शक्ति कपूर का रिएक्शन सामने आया है। एक इंटरव्यू में शक्ति कपूर ने कहा कि श्रद्धा और रोहन बहुत अच्छे दोस्त हैं। लेकिन वे नहीं जानते कि उनकी बेटी रोहन को लेकर इतनी सीरियस है। लेकिन श्रद्धा के फैसले में वे उनके साथ खड़े हैं। शक्ति ने कहा, रोहन बहुत अच्छा लड़का है। वह घर आता है। लेकिन घर तो वह बचपन से आ रहा है। श्रद्धा ने मुझे कभी नहीं बताया कि वह उससे शादी की प्लानिंग कर रही है। वे अब भी बचपन के दोस्त ही हैं। मैं नहीं जानता कि वे एक-दूसरे को लेकर सीरियस हैं। शक्ति कपूर ने आगे कहा, मुझे नहीं पता कि रिपोर्ट्स क्या कह रही हैं या क्या कयास लगाए जा रहे हैं? लेकिन मैं बेटी की जिंदगी के हर फैसले में उसके साथ खड़ा हूं। फिर चाहे वह उसका शादी का फैसला ही क्यों न हो। सिर्फ रोहन श्रेष्ठ ही क्यों? अगर वह मेरे पास आकर किसी और के बारे में भी कहे कि वह उसके साथ सेटल होना चाहती है तो मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। शक्ति कपूर के मुताबिक, वे रोहन के पिता राकेश श्रेष्ठ को बहुत पहले से जानते हैं। उन्होंने राकेश श्रेष्ठ के साथ न केवल कई फोटोशूट किए हैं। बल्कि दोनों ने कई बार डिनर और ड्रिंक्स भी साथ लिया है। राकेश उनके बहुत अच्छे दोस्त हैं। श्रद्धा और रोहन की शादी के कयासों का दौर तब शुरू हुआ, जब रोहन श्रेष्ठ ने सोशल मीडिया पर वरुण और नताशा दलाल को उनकी शादी की बधाई दी। रोहन ने एक फोटो साझा करते हुए लिखा था, बधाई हो वीडी (वरुण धवन) और नत्स (नताशा)। तुम बहुत खुशनसीब हो वीडी। रोहन की पोस्ट पर वरुण ने उनका शुक्रिया अदा किया और लिखा, मैं उम्मीद करता हूं कि अगला नंबर तुम्हारा हो। रिपोर्ट्स की मानें तो रोहन और श्रद्धा लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं।



## पौष पूर्णिमा " स्नान पर संगम में 5 लाख श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई

प्रयागराज। मोक्ष की कामना के साथ त्रिवेणी में माघ मेला के दूसरे ''पौष पूर्णिमा '' स्नान पर कोरोना और घना कोहरे के बीच 12 बजे तक करीब 5 लाख श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी। संगम में हालांकि सुबह 4 बजे से ही ''पौष पूर्णिमा '' स्नान शुरू हो गया था। लेकिन घना कोहरे के कारण स्नान घाट लगभग खाली पड़े थे। तड़के 4 बजे गिनती के ही श्रद्धालु गंगा तट पर नजर आ रहे थे। 8 बजे तक मुश्किल से डेढ़ से 2 लाख लोगों ने डुबकी लगाई। धीरे धीरे भगवान भास्कर के उदयीमान होने से श्रद्धलुओं की भीड़ बढ़ने लगी और 12 बजे तक 4 से 5 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया। पुलिस महानिरीक्षक के पी सिंह ने बताया कि दोपहर 12 बजे तक 5 लाख लोगों ने संगम में डुबकी लगाई। उन्होने बताया कि मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए चप्पे -चप्पे पर पुलिस, आरएएफ, कमांडो और पीएसी के जवान तैनात है। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में अवंछनीय तत्वों पर पुलिस की निगरानी बनी हुई है। फिलहाल मेला क्षेत्र में श्रद्धालु कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए दिखाई पड़ रहे है। पुलिस लगातार मेला क्षेत्र में चक्रमण कर रही है। जानकारी मुताबिक फूलपुर गोमती इंटरकालेज के सेवानिवृत्त शिक्षक झूंसी निवासी योगेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि पौष पूर्णिमा से कल्पवास का विधिवत शुभारंभ हो गया। मेला क्षेत्र गृहस्थ तपस्वियों से गुलजार हो गया। इस बार पौष पूर्णिमा गुरूवार को है। गुरूपुष्य नक्षत्र एवं सवार्था अमृत सिद्धि योग भी है। जो सफलता एवं संपन्नता देने वाला माना जाता है। मकर राशि में सूर्य, गुरू, शुक्र और शनि संचरण किया।

### न्यूज. ब्रीफ

## लूट की घटना को अंजाम देने जा रहे छः व्यक्ति पकड़े, मामला दर्ज

**मऊरानीपुर (झाँसी)** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली देवरी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक शोभित कटियार ने छः लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जो लूट की योजना बनाते हुये पकडे गये। जिनके कब्जे से 4 तमन्चा 315 बोर व 5 जिन्दा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद किया गया। पकडे गये लोगों में अजय कुमार अहिरवार पुत्र मुन्ना लाल निवासी नोनार गरौठा, राहुल कुमार पुत्र रामप्रकाश कुम्हार निवासी नुनार गरौठा, उमेश रैकवार पुत्र मुन्ना निवासी घाटकोटरा, समीर खान पुत्र हफीज खान निवासी तलैया गाँधीनगर गरौठा, अमित रैकवार पुत्र चन्द्रभान निवासी तलैया गाँधीनगर गरौठा, रवि वर्मा पुत्र उदयभान वर्मा निवासी गायत्री नगर गरौठा है। कोतवाली पुलिस ने मामला धारा 399, 402, 307 आईपीसी के तहत पंजीकृत कर लिया।

### विभिन्न सडक दुर्घटनाओं में चार घायल

मऊरानीपुर (झाँसी) विभिन्न सडक दुर्घटनाओं में चार व्यक्ति घायल हो गये। प्राप्त विवरण में सूरज (50) पुत्र प्यारे लाल निवासी धमनापायक, दिलीप (50) पुत्र अज्ञात निवासी अक्सेव, अनूप सोनकिया (18) पुत्र विनोद सोनकिया निवासी रुपाधमना, राजेश (35) पुत्र लल्लू लाल अहिरवार निवासी पृथ्वीपुर को प्राथमिक उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। सभी की हालत में सुधार न होने पर झाँसी रिफर कर दिया गया।

### व्यक्ति ने विषाक्त पदार्थ पिया

मऊरानीपुर (झाँसी) व्यक्ति ने विषाक्त पदार्थ पी लिया। प्राप्त विवरण में विशाल गुप्ता (32) पुत्र मोहन लाल निवासी अज्ञात को प्राथमिक उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। हालत में सुधार न होने पर झाँसी रिफर कर दिया गया।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगता में चौहान परिवार के बच्चे रहे अब्वल, मिले उपहार



**मऊरानीपुर (झाँसी)** तहसील स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता जूनियर एवं प्राईमरी स्तर की परीक्षा का आयोजन किया गया । जिसमें सम्मलित छात्र /छात्राओं ने बढचढकर हिस्सा लिया। जिसमें प्रतियोगी बच्चों में प्रथम स्थान हरशरन सिंह चौहान, द्वितीय स्थान नमन प्रताप सिंह एवं तृतीय स्थान कृष्णा सिंह चौहान ने प्राप्त कर चौहान परिवार का नाम रोशन कर दिया। जिसमें तीनों बच्चों को साईकिल पुरुस्कार के रुप में वितरित की गयी। जिससे क्षेत्र में काफी खुशी का माहौल देखा गया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने बधाईयाँ देते हुये इन प्रतियोगी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

## खाद एवं औषधि प्रशाधन कैम्प का हुआ आयोजन



मऊरानीपुर (झाँसी) उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश अनुसार नगर में गाँधी स्मारक के पास किराना व्यापार संघ के तत्वाधान में एक विशाल खाद एवं औषधि प्रशाधन के कैम्प का आयोजन खाध सुरक्षा अधिकारी दीपक कुशवाहा के निर्देशन में लगाया गया। जिसमें नगर के छोटे खरीद विक्रेताओं जैसे- चाट विक्रेता, जलपान विक्रेता, फ्ल विक्रेता आदि दुकानदारों का मौके पर प्रपत्र लेकर मौके पर रजिस्ट्रेशन कराया गया। व्यापार मण्डल के अध्यक्ष दीपक मोदी ने बताया खाद रजिस्ट्रेशन में परेशानी से बचने के लिये यह कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में सैकडों रजिस्ट्रेशन किये गये। कैम्प में वीर सिंह, व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष अखिलेश सेठ , नगर अध्यक्ष दीपक मोदी, किराना व्यापार संघ के अध्यक्ष सोनू खरया , संजीव पाठक, टिंकू दुबे, विक्की पहारिया, विनोद साहू, बॉबी अग्रवाल, रमेश अग्रवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

|अमेरिकी ने कानून को दी मंजूरी|

# चंद्रमा पर नील आर्मस्ट्रॉन्ग के जूतों के निशान होंगे सुरक्षित

वॉशिंगटन ■ एजेंसी



चंद्रमा पर इंसान के पहले कदम रखने वाले अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रॉन्ग के बूटों की अमूल्य विरासत को अमेरिका सहेजेगा। अमेरिका दुनिया का ऐसा पहला देश बन गया है जिसने ऐसा कानून पास किया है जो अंतरिक्ष में इंसानों की कृतियों की रक्षा करेगा। इस कानून को जिसे अमेरिकी कांग्रेस ने पिछले साल के आखिरी दिन पास किया था।

इसे 'अंतरिक्ष में इंसानी विरासत की सुरक्षा के लिए एक कदम वाला कानून' बताया जा रहा है। इसके तहत अब से अंतरिक्ष में मानवीय अभियानों के अवशेषों, जिनमें नील आर्मस्ट्रॉन्ग के जूतों के निशान भी शामिल हैं, की रक्षा की जाएगी। इस कानून के लिए साल 2019 में पहले चंद्र अभियान की 50वीं सालगिरह के मौके पर कांग्रेस में एक बिल पेश किया गया था। इस कानून के तहत अब 1969 में भेजे गए अपोलो 11 अभियान की लैंडिंग साइड ट्रैंक्वेलिटी बेस के आसपास एक घेरा बनाया जाएगा। इस इलाके में 1969 से लेकर 1972 में और भी चंद्र अभियानों के यान उतरे थे। इस बिल को टेक्सास के विज्ञान, अंतरिक्ष और तकनीकी की हाउस कमेटी ने प्रमुख और रिपब्लिकन एडी बेर्नाइस जॉनसन ने पेश किया था। इसका उद्देश्य अमेरिकी सरकार के उस समय के चंद्रमा के अवशेषों की रक्षा और संरक्षण करना है जब चंद्रमा पर दुनिया भर की गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। जॉनसन का कहना है कि यह कानून इस बात की मिसाल है कि अमेरिका और नासा अंतरिक्ष में एक जिम्मेदार बर्ताव का निर्देशन कर रहे हैं। इस बारे में बात करते हुए एक अन्य वकील का कहना है कि यह कानून उसी तरह का है जैसे अंतराराष्ट्रीय संगठन पृथ्वी पर मानव इतिहास की धरोहर का संरक्षण करने के लिए काम करते हैं। इस वकील ने बताया कि यह बहुत अहम है क्योंकि यह हमारे इतिहास के सरंक्षण के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दोहराता है, जिस तरह हम पृथ्वी पर ऐतिहासिक माचू पिच्चू वन्य अभ्यारण जैसी धरोहरों का विश्व धरोहर समझौते जैसे उपकरणों से संरक्षित करते हैं। इसके तहत हम अंतरिक्ष में मानव जाति के विस्तार की स्वीकृति भी करेंगे। इस कानून में बहुत सी चीजों को शामिल हैं जिसमें छह प्रयोगों के अवशेष, यान, उपकरण और मानव और रोबोट की उपस्थिति के संकेत जैसे 'इस क्षेत्र से बाहर रहें' वाले इलाके भी शामिल हैं। इस कानून पर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ट ट्रम्प ने हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन कानून बनाने वाले इस से अंतरराष्ट्रीय कानून का रूप देने की मांग कर रहे हैं। फिलहाल यह कानून केवल उन कंपनियों पर लागू है जो नासा के साथ काम कर रही हैं। यह अभी केवल चंद्रमा पर अमेरिकी लैंडिंग वाले इलकों को शामिल कर रहा है। यह चंद्रमा की ऐतिहासिक इलाकों के संरक्षण के लिए साल 2011 में नासा की ओर से पुरानी अनुशंसाओं को लागू करने वाला कानून है। नासा साल 2024 तक चंद्रमा पर दुनिया की पहली महिला और अगले पुरुष को चंद्रमा की सतह पर उतारने की योजना पर काम शुरू कर चुका है। आर्टिमिस अभियान के नाम से यह कार्यक्रम तीन चरणों में पूरा होगा जिसमें पहले एक खाली यान चंद्रमा पर जाकर लौटेगा। इसके बाद कुछ यात्री अंतरिक्ष यात्रा पर जाकर लौटेंगे और अंतिम चरण में एक महिला और एक पुरुष को साल 2024 में चंद्रमा पर उतारा जाएगा।



## भारतीय आयुर्वेद अपनाओ, स्वास्थ्य बनाओ, आयुर्वेद स्टाल लगाने वालों को एसडीएम ने किया सम्मानित

मऊरानीपुर (झाँसी) गणतन्त्र दिवस के अवसर पर मऊरानीपुर में पहली बार भारत सरकार के आयुष मंत्रालय से आयुष प्रीमियम प्रमाणित आयुर्वेद से सम्बन्धित जागरुकता स्टाल का आयोजन मेला ग्राउण्ड मऊरानीपुर में किया गया। जिसमें आपके श्वास से सम्बन्धित बीमारी जैसे अस्थमा, दमा, मधुमेही, कैंसर, त्वचा से सम्बन्धित रोग, महिलाओं की मासिक धर्म की अनियमितताओं, शरीर में खुजली, खाँसी, जोडों का दर्द , सिर का दर्द ,बाल झडने से सम्बन्धित आयुर्वेदिक उपचार के बारे में जागरुकता दी गयी। साथ में आम आदमी बीमार न हो तो इसके लिये भी आयुर्वेद आधारित उत्पादों के सेवन के बारे में भी जानकारी साझा की गयी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मऊरानीपुर अंकुर श्रीवास्तव ने एम आई लाइव स्टायल का वेलनेस आधारित आयुर्वेद स्टाल लगाने वालें को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर महेन्द्र सिंह सोलंकी, मंजू अग्रवाल, सोनू पुरवार, शिवनारायण सिंह परिहार, सिल्की बडौनिया, शेखरराज बडौनिया आदि उपस्थित रहे।

## जुड़वा बहनों ने जुड़वा भाइयों से रचाया विवाह, अब एक साथ प्रिग्नेंट, बेटों को देंगी जन्म

वर्जिनिया ■ एजेंसी

अमेरिका के वर्जिनिया प्रांत में दो जुड़वा बहनों और दो जुड़वा भाईयों के ब्याह रचाने की रोमांचक कहानी सामने आई है। इन दोनों बहनों ने अपनी जिंदगी के अब तक के सभी पड़ाव को एक साथ ही पार किया है। पहले वो एक साथ पैदा हुईं। एक साथ एक ही स्कूल और कॉलेज में पढ़ाई पूरी की। फिर एक ही जैसे दिखने वाले दो जुड़वा भाइयों से एक ही मंडप में शादी की। और अब ये दोनों बहनें एक साथ प्रेग्नेंट भी हैं। इतना ही नहीं दोनों ने हाल ही एक इंस्टाग्राम पोस्ट में होने वाले बच्चे का जेंडर का खुलासा करते हुए बताया कि दोनों लड़के को जन्म देंगी। कइयों को यह कहानी फिल्मी लग सकती है, लेकिन ये है एकदम हकीकत। जुड़वा बहनें ब्रिटनी और ब्रीना डीन सलायर्स ने जुड़वा भाई जोश और जेरेमी सालयर्स से शादी की है। 33 वर्षीय ब्रिटनी और ब्रीना का इंस्टाग्राम पर एक ज्वाइंट अकाउंट है, जिस पर 84 हजार से अधिक फॉलोअर्स हैं। एक जैसे गाउन में फोटो पोस्ट कर दोनों बहनों ने बताया कि वे 'लड़के' को जन्म देने वाली हैं। दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। इन दोनों बहनों ने अगस्त 2018 में शादी की थी। इनके अपने पतियों से मिलने की कहानी भी अलग है। दरअसल अमेरिका में हर साल जुड़वा लोगों के लिए एक खास मेला लगता है। इसी मेले में ब्रिटनी और ब्रीना को 2017 में पहली बार 35 वर्षीय जोश और जेरेमी सालयर्स से मुलाकात हुई थी।

## एसडीएम ने किया समाजसेवी अनिल डेंगरे को समाजसेवा के लिये सम्मानित



**मऊरानीपुर (झाँसी)** गणतन्त्र दिवस की पावन बेला के अवसर पर उपजिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव के द्वारा समाजसेवी / जिला उपाध्यक्ष उज्जवल भारत अभियान अनिल डेंगरे को शील्ड देकर जोरदार सम्मान किया गया। कारण कि नगर में अनिल डेंगरे हर सम्भव लोगों की समस्याओं को शासन प्रशासन तक पहुँचाने को लेकर लोगों की राहत बने देखे जा रहे है। जिससे स्थानीय प्रशासनिक अफसर उपजिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव जी ने अनिल डेंगरे को शील्ड प्रदान करते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

गिरफ्तारी — कपिल शर्मा ने 2017 में वैनिटी वैन डिजाइन के लिए दिए थे 6 करोड़, वैन की डिलिवरी नहीं की

# धोखाधड़ी के मामले में कार डिजाइनर दिलीप छाबड़िया की बहन कंचन छाबड़िया गिरफ्तार

नई दिल्ली ■ ब्यूरो



मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने कार डिजाइनर दिलीप छाबड़िया की बहन कंचन छाबड़िया को दक्षिण मुंबई के मरीन ड्राइव स्थित एक रेस्तरां से गिरफ्तार किया है। रिपोर्ट्स के अनुसार कंचन को धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया गया है। कंचन छाबड़िया 'दिलीप छाबड़िया डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड' की सीईओ हैं। मामला कॉमेडियन कपिल शर्मा के 2017 के वैनिटी वैन के ऑर्डर से जुड़ा है। कपिल शर्मा ने बीते दिनों दिलीप छाबड़िया और उनकी कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी और ठगी का मामला दर्ज करवाया था। कपिल ने शिकायत में कहा था कि साल 2017 में उन्होंने दिलीप छाबड़िया की कंपनी को एक वैनिटी वैन डिजाइन करने के लिए 6 करोड़ रुपये दिए थे, लेकिन इस वैनिटी वैन की डिलिवरी आज तक नहीं हुई। इस मामले में कंपनी के सीनियर सेल्स एक्जीक्यूटिव निहाल बजाज की गिरफ्तारी भी की गई है। खबरों के अनुसार कंचन को एक रेस्टोरेंट से गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में अधिकारियों ने कहा कि वह लगातार गिरफ्तारी से बचने की कोशिश कर रही थीं तो पुलिस ने उनकी लोकेशन ट्रेस करके उन्हें मरीन ड्राइव से गिरफ्तार किया। सहायक पुलिस निरीक्षक सचिव वाजे, पुलिस टीम का नेतृत्व कर रहे थे। अधिकारी ने बताया कि ये एक्शन पूरे मामले में कंचन की कथित भूमिका सामने आने के बाद की गई है कपिल शर्मा से पूछताछ के बाद मुंबई पुलिस ने एक नई एफआईआर दर्ज की है। बीते गुरुवार को कपिल अपना बयान दर्ज कराने मुंबई क्राइम ब्रांच के ऑफिस पहुंचे थे। मीडिया से बातचीत के दौरान कपिल ने कहा था कि मैंने दिलीप छाबड़िया और उनके स्कैम के बारे में अखबार में पढ़ा था, जिसके बाद मैंने मुंबई पुलिस कमिश्नर से मिलने का फैसला किया था।

## 2 फरवरी को जारी होगी सीबीएसई बोर्ड की 10वीं-12वीं परीक्षाओं की डेटशीट

**नई दिल्ली।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। 2 फरवरी को 10वीं और 12वीं का बोर्ड परीक्षाओं के लिए डेटशीट की घोषणा जाएगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंकद्ध ने खुद इसकी जानकारी दी है। शिक्षा मंत्री ने बताया, कक्षा 10 और कक्षा 12 के लिए परीक्षाओं का शेड्यूल केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा जल्द ही, 2 फरवरी 2021 को घोषित किया जाएगा।' गौरतलब है कि इसके पहले शिक्षा मंत्री द्वारा सीबीएसई की सेकेंड्री और सीनियर सेकेंड्री कक्षाओं के लिए बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन 4 मई से 10 जून तक किए जाने की घोषणा की गई थी।

जूनियर राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता जयपुर-२०२१, खिलाड़ियों ने इंडुरेन्स 40 कि.मी. इवेन्ट में मध्य प्रदेश को दिलाए तीन पदक

# मप्र घुड़सवारी अकादमी के घुड़सवारों ने जीते एक-एक स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक

लोकदेश संवाददाता ■ भोपाल

मध्य प्रदेश राज्य घुड़सवारी अकादमी के खिलाड़ियों ने जयपुर में 24 से 28 जनवरी, 2021 तक आयोजित जूनियर राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता के इंडुरेन्स 40 कि.मी. इवेन्ट में एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक मध्य प्रदेश को दिलाया। प्रतियोगिता में अकादमी के खिलाड़ी राजू सिंह ने तितली और उमर अली ने अर्जुन अश्व पर प्रदर्शन करते हुए जूनियर क्लास इंडुरेन्स टीम इवेन्ट में स्वर्ण पदक मध्य प्रदेश को दिलाया। जबकि यंग रायडर इंडुरेन्स टीम इवेन्ट में अकादमी के खिलाड़ी अंशप्रीत सिंह ने डीब्लू अश्व और अमन पाठकर ने रामजस अश्व पर प्रदर्शन करते हुए मध्य प्रदेश को रजत पदक दिलाया। प्रतियोगिता के जूनियर क्लास इंडुरेन्स 40 कि.मी. व्यक्तिगत स्पर्धा में अकादमी के घुड़सवार उमर अली ने अर्जुन अश्व पर प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अर्जित किया। अकादमी के खिलाड़ी राजू सिंह और उमर अली ने आगामी इंडुरेन्स 60 कि.मी. के लिए क्वालिफाय कर लिया।उक्त घुड़सवारों ने अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक कैप्टन भागीरथ के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में भागीदारी की।

### प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं अकादमी के घुड़सवार

खेल और युवा कल्याण मंत्री मान. यशोधरा राजे सिंधिया ने जूनियर राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता में अकादमी के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के बाद आयोजित घुड़सवारी प्रतियोगिताओं में अकादमी के घुड़सवार शानदार प्रदर्शन कर रहे है और लगातार पदक जीत कर प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं।

### एक्सीलेन्स अकादमी

संचालक खेल और युवा कल्याण श्री पवन जैन ने बताया कि मध्य प्रदेश राज्य घुड़सवारी अकादमी में खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय खेल सुविधाएं और हाय परफारमेंस टेजनिग उपलब्ध कराई जा रही है, जिसके चलते खिलाड़ी घुड़सवारी प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ट प्रदर्शन कर लगातार सफलता अर्जित कर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की खेल मंत्री मान. यशोधरा राजे सिंधिया जी की पहल पर भोपाल में स्थापित मध्य प्रदेश राज्य घुड़सवारी अकादमी देश की पहली ऐसी अकादमी है जिसका राज्य सरकार द्वारा संचालन किया जा रहा है। एक्सीलेन्स अकादमी के माध्यम से खिलाड़ियों को थारो ब्रीड एवं वार्म ब्लड के उन्नत नस्ल के अश्वों पर तकनीकी टेजनिंग के साथ ही उच्च स्तरीय खेल सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। इसी का नतीजा है कि विगत चार वर्षों में देश में सबसे ज्यादा मैडलिस्ट खिलाड़ी मध्य प्रदेश राज्य घुड़सवारी अकादमी के हैं।




## न्यूज. ब्रीफ

### रोहित के साथ पारी की शुरूआत करे शुभमन : गंभीर

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरूआत करनी चाहिए। शुभमन ने



ऑस्ट्रेलिया दौरे में अच्छी बल्लेबाजी की थी। गंभीर ने कहा , इसमें कोई संदेह नहीं है कि शुभमन को रोहितके साथ पारी की शुरूआत करनी चाहिए, पर इसमें अधिक जल्दबाजी से भी बचना चाहिए। उन्होंने कहा, किसी को शुरूआत में ही इतना ऊपर नहीं बैठा सकते। हां, उनके पास प्रतिभा है पर उन्हें अपने पर काबू रखना होगा क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा, 'हां, यह उनके अंतरराष्ट्रीय करियर की सुनहरी शुरूआत है। इससे अच्छी शुरूआत नहीं हो सकती थी। ऑस्ट्रेलिया में खेलना, एक युवा टीम के साथ सीरीज जीतते हुए उसने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। उसने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की, इस बारे में कोई संदेह नहीं पर हमें उसे समय देना चाहिए। जिससे वह अपना खेल बेहतर कर सके। अभी उससे जरुरत से ज्यादा उम्मीदें करना ठीक नहीं है।

### कमिंस को सभी प्रारुपों के लिए कप्तान बनायें : क्लार्क

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कहा है कि टिम पेन की जगह तेज गेंदबाज पैट कमिंस को सभी प्रारुपों के लिए में कप्तान बनाया जाना चाहिये। क्लार्क ने कहा कि कमिंस ने हमें दिखाया है कि वह यह जिम्मेदारी निभाने के लिए पूरीर तरह तैयार हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम जिस भारतीय टीम के खिलाफ सीरीज हारी है उस टीम के खिलाफ कमिंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैन ऑफ द सीरीज का खिताब जीता है जो उनकी क्षमताओं को दिखाता है। सीरीज के दौरान कमिंस ने दिखाया कि वह इस जिम्मेदारी संभालने के काबिल हो गए हैं। हमने भारत के खिलाफ सीरीज के अंदर उनमें कप्तानी की झलक देखी है। क्लार्क ने साथ ही कहा कि पेन का समय अब समाप्त हो गया है। हम कुछ युवा खिलाड़ियों को साथ ला रहें हैं जो सही भी है पर इस टीम का नेतृत्व कमिंस ही करेंगे। वह ही मेरी टीम के कप्तान होंगे। अगर कमिंस कप्तानी संभलाते हैं तो उन्हें टीम में स्मिथ, वार्नर, हेजलवुड और लायन जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की जरूरत पड़ेगी।

### हिमाचल की आईस हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की आईस हॉकी टीम ने जम्मू एवं कश्मीर में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक अपने नाम किया है। हिमाचल की टीम ने मेजबान जम्मू-कश्मीर टीम को हराकर यह पदक हासिल किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लाहौल स्पीति के काजा में बने आईस हॉक रिंक में टीम ने राष्ट्रीय खेलों में कांस्य पदक हासिल किया है। काजा के 15 बच्चों का चयन नेशनल आईस हॉकी कैंप के लिए हुआ था। 1 से 15 जनवरी तक यह कैंप गुलमर्ग में चला। इसके बाद आठ छात्राओं का चयन हिमाचल टीम के लिए हुआ। हिमाचल टीम ने जम्मू-कश्मीर टीम को 13-0 से हराकर पदक हासिल किया। कर्मा येषी खांडो (12), छेरिंग डोलमा (13), नवांग लामो (15), सोनम आंगमो (12), रिगजिन डोलमा (13), तेजिन डोलमा, नवांग छुटिक, और सोनम देचेन ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। पहली बार आईस हॉकी टूर्नामेंट में राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल की टीम पदक जीत कर लाई है। राष्ट्रीय कोच अमित बेरबाल ने कहा कि लड़कियों की टीम ने आईस हॉकी में पदक हासिल करके हमारे हौसलों को और मजबूत किया है।

| बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स |

# श्रीकांत और सिंधु लगातार हार के बाद नॉकआउट से लगभग बाहर

बैंकाक ■ एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधु और किदाम्बी श्रीकांत गुरूवार को यहां बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में अपने दूसरे दौर के मैचों में पराजित होने के बाद नॉकआउट चरण से लगभग बाहर हो गए। एक हफ्ते पहले ही विश्व चैम्पियन सिंधु को रतचानोक इंतानोन के हाथों करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था और इस बार भी किस्सा वैसा ही रहा और उन्हें तीसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की खिलाड़ी से 18-21 13-21 से हार झेलनी पड़ी।

वहीं श्रीकांत को ताईवान के वांग जु वेई के खिलाफ एक गेम से बढ़त बनाने के बाद हार मिली और इस मैच से पहले उनका दुनिया के 12वें नंबर के खिलाफ जीत का रिकार्ड 3-0 था। वांग ने एक गेम पिछड़ने के बाद बापसी करते हुए 19-21 21-9 21-19 से जीत दर्ज की। प्रत्येक ग्रुप से केवल दो शीर्ष खिलाड़ी ही सेमीफाइनल में जगह बनायेंगे जिससे दो दो हार से भारतीय खिलाड़ियों का टूनामेंट में सफर लगभग खत्म हो गया। इससे पहले श्रीकांत और वांग शुरू में 9-9 तक एक दूसरे को पछाड़ते हुए बराबरी पर रहे। लेकिन श्रीकांत 11-10 से एक अंक की बढ़त बनाने में सफल रहे और ब्रेक के बाद



उन्होंने इसे 15-11 कर दिया। अपनी रैलियों से श्रीकांत ने दबदबा कायम रखा और 17-12 से आगे हो लिये। वांग ने भी कोशिश जारी रखते हुए श्रीकांत की गलतियों से इसे 18-19 कर दिया। लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने स्मैश लगाकर दो गेम प्वाइंट हासिल किए।

वांग की बैकलाइन पर गलती से वह पहला गेम अपने नाम करने में कामयाब रहे। दूसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कुछ दिलचस्प रैलियां चलीं। वांग ने कुछ बेहतरीन शॉट और श्रीकांत की गलती से 9-5 की बढ़त हासिल की। इसके बाद श्रीकांत ने नेट पर लगातार गलतियां कीं और वांग ब्रेक तक 11-5 से आगे थे। इसके बाद वांग ने आराम से इसे 16-6 कर श्रीकांत की नेट गलती से दूसरा गेम हासिल कर स्कोर 1-1 कर दिया। निर्णायक गेम आक्रामक रैलियों से शुरू हुआ और श्रीकांत 4-1 की बढ़त पर पहुंच गए। पर वांग भी कहां रूकने वाले थे, उन्होंने भी वापसी करते हुए लगातार सात अंक जुटाकर 8-4 से बढ़त हासिल कर ली। फिर श्रीकांत ने वापसी की और 10-10 की बराबरी पर पहुंचे, लेकिन वांग ने तुरंत सतर्कता बरती और 17-13 से आगे हो लिये। अंत में वांग ने चार मैच प्वाइंट हासिल किये। भारतीय खिलाड़ी ने भी तीन अंक बचाये, लेकिन हार नहीं टाल सके।

वहीं महिला एकल मैच में मौजूदा विश्व चैम्पियन सिंधु रतचानोक के खिलाफ पिछली हार का बदला चुकता करने के इरादे से उतरी। इस भारतीय ने सकारात्मक शुरूआत की और 5-2 से बढ़त हासिल की और तुरंत ही ब्रेक तक 11-6 से बढ़त बना ली। पर रतचानोक ने लगातार चार अंक जुटाकर 14-14 की बराबरी हासिल की। सिंधु हालांकि 18-17 से आगे हो गयीं, पर रतचानोक ने चार अंक की मदद से पहला गेम जीत लिया। थाई स्टार खिलाड़ी ने पहले गेम की लय जारी रखते हुए दूसरे में ब्रेक तक 11-8 की बढ़त बनाई। सिंधु ने कोशिश करते हुए इसे 11-12 भी किया, पर रतचानोक ने लगातार 6 अंक जुटाकर मैच जीत लिया।

सैयद मुश्ताक अली टी-20 सेमीफाइनल

## आईपीएल के 14 खिलाड़ी भिड़ेंगे सनराइजर्स हैदराबाद के 5 प्लेयर

अहमदाबाद ■ एजेंसी

सैयद मुश्ताक अली टी-20 टूनार्मेंट के दोनों सेमीफाइनल मुकाबले कल अहमदाबाद के मोटेरा स्टेडियम में खेले जाएंगे। दोपहर में दिनेश कार्तिक की कप्तानी वाली तमिलनाडु की टीम राजस्थान से भिड़ेगी। शाम को पंजाब का मुकाबला बड़ौदा की टीम से होगा। फाइनल 31 जनवरी को अहमदाबाद में ही खेला जाएगा। सेमीफाइनल की इन चारों टीम में इस साल आईपीएल का 14वां सीजन खेलने जा रहे 7 टीम के 14 खिलाड़ी आपस में भिड़ते दिखेंगे। यह 7 टीमें चेन्नई सुपर किंग्स, मुंबई इंडियंस , सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स , किंग्स इलेवन पंजाब , रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुहैं। सेमीफाइनल खेलने वाली 3 टीमों की कमान



आईपीएल के 3 खिलाड़ियों के हाथ में है। तमिलनाडु के कप्तान कार्तिक केकेआर के लिए खेलते हैं। बड़ौदा की कमान क्रुणाल पंड्या ने संभाली, जो मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हैं। हालांकि, क्रुणाल पिता के निधन के बाद वे टूर्नामेंट से हट चुके हैं। वहीं, पंजाब टीम के कप्तान मनदीप सिंह किंग्स इलेवन पंजाब के लिए खेलते दिखेंगे।

### महिला एशियाई कप फुटबॉल अगले साल 20 जनवरी से छह फरवरी तक भारत में

**नई दिल्ली।** महिला एशिया कप 2022 भारत में 20 जनवरी से छह फरवरी के बीच खेला जाएगा। एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने गुरूवार को यह जानकारी दी। टूर्नामेंट में 12 टीमें भाग लेंगी जोकि पिछले सत्र में 8 थीं। इन टीमों को चार समूहों में बांटा जाएगा और 18 दिन के भीतर 25 मैच खेले जाएंगे। 8 टीमें क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करेंगी। यह टूर्नामेंट 2023 फीफा महिला विश्व कप का क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट भी होगा। महिला विश्व कप में 32 टीमें भाग लेंगी जिसमें सह मेजबान आस्ट्रेलिया के साथ रिकार्ड 5 एशियाई टीमें होंगी। एएफसी महिला एशिया कप 2022 के क्वालीफायर 13 से 25 सितंबर के बीच होंगे । पिछले सत्र की तीन सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीमें जापान, आस्ट्रेलिया और चीन के अलावा भारत को मेजबान होने के नाते स्वतः प्रवेश मिला है।

## पापा हार्दिक के साथ फ्लाइट में पहली बार नजर आए अगस्त्य



नई दिल्ली ■ एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली चार मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले दो मैचों के लिए भारतीय टीम में वापसी करने वाले हार्दिक पांड्या ने अपने बेटे अगस्त्य के साथ अपने सोशल मीडिया पर फोटो शेयर की है। हार्दिक पहले दो टेस्ट मैचों के लिए चेन्नई पहुंच चुके हैं और बाकी खिलाड़ियों की तरह एक हफ्ते का क्वारंटाइन पीरियड पूरा करेंगे। हार्दिक का प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लिमिटेड ओवर सीरीज में काफी शानदार रहा था और उन्होंने टीम को टी20 सीरीज में जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। हार्दिक पांड्या ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने बेटे अगस्त्य के साथ फोटो शेयर की, इस फोटो में हार्दिक अपने बेटे के साथ फ्लाइट में नजर आ रहे हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'मेरे बेटे की पहली फ्लाइट।' बता दें कि हार्दिक पांड्या और नताशा स्टेनकोविक पिछले साल जुलाई में माता-पिता बने थे और दोनों ने अपने सोशल मीडिया पर फोटो शेयर करते हुए इस बात की जानकारी दी थी। गौरतलब है कि हार्दिक पांड्या के पिता का हाल में ही निधन हो गया था, जिसके बाद टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर ने एक बेहद भावुक मैसेज लिखते हुए अपने पिता को श्रद्धांजलि भी दी थी। हार्दिक पांड्या की पीठ की सर्जरी को देखते हुए उनको ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज में टीम में शामिल नहीं किया गया था। हार्दिक कंगारू टीम के खिलाफ खेली गई वनडे सीरीज में बेहतरीन फॉर्म में दिखाई दिए थे और उन्होंने तीन मैचों में 105 के लाजवाब औसत से 210 रन बनाए थे। वहीं, टी20 सीरीज में भी पांड्या ने बल्ले के साथ अच्छा प्रदर्शन करते हुए 156 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 78 रन बनाए थे।

## रबाडा सबसे तेज 200 विकेट लेने वाले तीसरे बॉलर बने, स्ट्राइक रेट के मामले में टॉप पर



कराची ■ एजेंसी

साउथ अफ्रीका क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा सबसे तेज 200 टेस्ट विकेट लेने वाले तीसरे बॉलर बन गए हैं। यह उपलब्धि उन्होंने करियर के 44वें टेस्ट में 8154वीं बॉल पर हासिल की। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे कराची टेस्ट में यह रिकॉर्ड कायम किया। हालांकि, 200 विकेट लेने वाले गेंदबाजों में स्ट्राइक रेट के मामले में रबाडा टॉप पर काबिज हैं। उन्होंने 40.8 के स्ट्राइक रेट से यह विकेट लिए। इस मामले में हमवतन डेल स्टेन दूसरे नंबर पर काबिज हैं, जिन्होंने 42.3 के स्ट्राइक रेट से 439 टेस्ट विकेट लिए हैं।

पाकिस्तान के लेग-स्पिनर यासिर शाह सबसे कम 39 टेस्ट खेलकर 200 विकेट लेने वाले बॉलर हैं। उनके बाद दूसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका के डेल स्टेन हैं, जिन्होंने 39 टेस्ट खेले थे। रबाडा अब तीसरे नंबर पर आ गए हैं। उन्होंने 200वां विकेट अपने करियर के 44वें टेस्ट में लिया है। कगिसो रबाडा ने सबसे कम बॉल फेंककर 200वां टेस्ट विकेट लेने वाले तीसरे बॉलर बन गए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि टेस्ट करियर की 8154वीं बॉल पर हासिल की। इस मामले में पाकिस्तान के वकार युनुस टॉप पर काबिज हैं, जिन्होंने 7730वीं बॉल पर यह रिकॉर्ड बनाया था। दूसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका के ही डेल स्टेन हैं। उन्होंने 7848वीं बॉल पर 200वां विकेट लिया था।

रबाडा 200 टेस्ट विकेट लेने वाले साउथ अफ्रीका के 8वें बॉलर बन गए हैं। इस मामले में डेल स्टेन टॉप पर काबिज हैं, जिन्होंने 93 टेस्ट में सबसे ज्यादा 439 विकेट लिए हैं। उनके बाद शॉन पोलक (421), मखाया नतिनी (390), एलन डोनाल्ड (330), मोर्ने मोर्कल (309), जैक कैलिस (291), वर्नोन फिलेंडर (224) और रबाडा हैं। ओवरऑल सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने के मामले में श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन टॉप पर हैं। मुरलीधरन के नाम 800 विकेट हैं। उनके बाद शेन वार्न (708), अनिल कुंबले (619), जेम्स एंडरसन (606) और ग्लेन मैक्ग्रा (563) हैं।

### साउथ अफ्रीका पर पाकिस्तान ने कसा शिकंजा



पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट कराची में खेला जा रहा है। तीसरे दिन दूसरी इनिंग में द. अफ्रीका ने चार विकेट खोकर 187 रन बना लिए है। फिलहाल अफ्रीका ने 29 की बढ़त बना ली है। पाकिस्तान ने पहली इनिंग मे दक्षिण अफ्रीका को 220 पर आउट करने के बाद पहली पारी में 378 रन बनाते हुए 158 रन की बढ़त हासिल की। तीसरे दिन विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान की बेहतरीन कैच के कारण डीन एल्गर को अपना विकेट गंवाना पड़ा। यासिर शाह 17वें ओवर में गेंदबाजी करने उतरे तो स्ट्राक पर एल्गर खड़े थे। यासिर की गेंद को एल्गर ने हिट करने की कोशिश की लेकिन गेंद उनके ग्लव्स पर लगकर उपर को उझली और रिजवान ने एक पल की देरी किए बिना साइड से स्टंप्स के आगे आते हुए छलांग लगाकर कैच पकड़ लिया। इस शानदार कैच का वीडियो आईसीसी ने भी अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर किया है, जिसे लोग काफी प्यार दे रहे हैं।

## शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद सेंसेक्स 536, निफ्टी 150 अंक गिरा

मुंबई ■ एजेंसी

मुम्बई शेयर बाजार में गुरुवार को भी गिरावट जारी रही। दुनिया भर के बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों के साथ ही दिग्गज कंपनियों एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और एचयूएल के शेयरों में आई गिरावट से बाजार नीचे आया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 535.57 अंक करीब 1.13 फीसदी की गिरावट के साथ 46,874.36 अंक पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 149.95 अंक तकरीबन 1.07 फीसदी की गिरावट के साथ 13,817.55 अंक पर बंद हुआ।



सेंसेक्स के शेयरों में सबसे अधिक नुकसान में एचयूएल के शेयर रहे। इसमें करीब 4 फीसदी की गिरावट दर्ज की गयी। इसके अलावा मारुति सुजकी, एचडीएफसी बैंक, पावरग्रिड, इंडसइंड बैंक, एचसीएल टेक और बजाज फिनसर्व के शेयरों में भी गिरावट रही। वहीं दूसरी ओर एक्सिस बैंक, एसबीआई, ओएनजीसी और आईसीसीआई बैंक के शेयर लाभ में रहे। जानकारों के अनुसार बजट से पहले निवेशकों की मुनाफावसूली के कारण घरेलू बाजार में यह गिरावट आयी है। कारोबारियों के अनुसार हाल में विदेशी संस्थागत निवेशकों की घरेलू पूंजी बाजार से पैसा निकाले जाने से भी निवेशक की धारणा प्रभावित हुई है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) पूंजी बाजार में बिकवाली हावी है। शेयर बाजार के पास उपलब्ध अस्थायी आंकड़े के अनुसार एफपीआई ने बुधवार को 1,688.22 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। इससे पहले बुधवार को भी बाजार में भारी गिरावट आई थी और सेंसेक्स करीब हजार अंक से नीचे आया। इसके अलावा निफ्टी भी गिरा था।

अल्टीमेटम ➤ सरकार के लिए पिछले तीन महीने में यह दूसरा झटका

## ब्रिटिश कंपनी केयर्न एनर्जी भारत को डरा रही, पैसे नहीं चुकाने पर संपत्ति जब्त करने का दिया अल्टीमेटम

नई दिल्ली ■ एजेंसी

ब्रिटेन की कंपनी केयर्न एनर्जी ने भारत सरकार के खिलाफ मध्यस्थता अदालत में जीत प्राप्त की है, जिसमें उससे पूर्व प्रभाव से कर के रूप में 10,247 करोड़ रुपये मांगे गए थे। केयर्न ने कहा न्यायाधिकरण ने आम सहमति से फैसला सुनाया कि भारत ने ब्रिटेन-भारत द्विपक्षीय निवेश संधि के तहत केयर्न के प्रति अपने दायित्वों का उल्लंघन किया है और उसे 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर का हजार्ना और ब्याज लागत चुकानी होगी। यूके की केयर्न एनर्जी ने भारत सरकार को डराते हुए कहा है कि अगर भारत अदालत के आदेश को नहीं मानता है तो विदेश में स्थित भारत सरकार के असेट्स पर कंपनी कब्जा कर सकती है। केयर्न एनर्जी ने इस बात का आकलन



शुरू भी कर दिया है कि वह किन असेट्स को जब्त कर सकती है। इनमें हवाई जहाज और शिप शामिल हो सकते हैं। सरकार के लिए पिछले तीन महीने में यह दूसरा झटका है। इससे पहले सितंबर में एक अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता न्यायाधिकरण ने वोडाफोन समूह पर भारत द्वारा पूर्व प्रभाव से लगाए गए कर के खिलाफ फैसला सुनाया था। सूत्रों ने कहा कि तीन सदस्यीय न्यायाधिकरण, जिसमें भारत सरकार द्वारा नियुक्त एक न्यायाधीश भी शामिल हैं, ने आदेश दिया कि 2006-07 में केयर्न द्वारा अपने भारत के व्यापार के आंतरिक पुनर्गठन करने पर भारत सरकार का 10,247 करोड़ रुपये का कर दावा वैध नहीं है। न्यायाधिकरण ने भारत सरकार से यह भी कहा कि वह केयर्न को लाभांश, कर वापसी पर रोक और बकाया वसूली के लिए शेयरों की आंशिक बिक्री से ली गई राशि ब्याज सहित लौटाए। इस फैसले की पुष्टि करते हुए केयर्न ने एक बयान में कहा, ह्यन्यायाधिकरण ने भारत सरकार के खिलाफ उसके दावे के पक्ष में फैसला दिया है ह्व भारत सरकार ने ब्रिटेन-भारत द्विपक्षीय निवेश समझौते का हवाला देते हुए 2012 के पूर्व प्रभाव वाले कर कानून के तहत केयर्न के भारतीय कारोबार के पुनर्गठन पर कर की मांग की थी, जिसे कंपनी ने चुनौती दी।

दैनिक पुष्पांजली टुडे



# एक नजर...

## अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च

**ग्वालियर।** स्कूल शिक्षा विभाग ने अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण का आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2021 कर दी है। माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध समस्त अशासकीय विद्यालय आगामी 31 मार्च तक मान्यता नवीनीकरण का ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। मान्यता नवीनीकरण शुल्क एक मुश्त या तीन किश्तों में जमा किया जा सकेगा। राज्य शासन ने कोविड-19 संक्रमण और छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए यह निर्णय लिया है। इसके तहत मध्यप्रदेश माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शालाओं की मान्यता नियम, 2017 के अनुसार प्रचलित प्रक्रिया से छूट प्रदान करते हुए मान्यता नवीनीकरण को 31 मार्च 2022 तक की समयावधि के लिए मान्य किया गया है। इसके पूर्व ऑनलाइन आवेदन अपलोड करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2020 निर्धारित की गई थी जिसे बढ़ाकर 31 मार्च 2021 किया गया है। जिन अशासकीय विद्यालयों ने पूर्व के निर्देशों के अनुसार सशुल्क आवेदन किए थे और उनकी मान्यता नवीनीकृत की जा चुकी है, उसे यथावत मान्य किया गया है। जो अशासकीय विद्यालयों निर्धारित आवेदन एवं शुल्क जमा कर चुके हैं किंतु उनकी मान्यता का नवीनीकरण नहीं हुआ है, उन्हें पुनः शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी।

## 10 समूह योजना से 4404 गाँव होंगे पूरी तरह नल-जल युक्त

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश में गाँवों के प्रत्येक परिवार को नल के जरिये जल देने की दिशा में निरंतर एकल एवं समूह जलप्रदाय योजनाओं का कार्य हो रहा है। मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 8 जिलों के लिए स्वीकृत की गई 10 जलप्रदाय योजनाओं पर जल निगम द्वारा कार्यवाही प्रारंभ कर औपचारिकतायें पूर्ण कर ली हैं। अब अगले चरण में (धरातल) पर इन योजनाओं का क्रियान्वयन प्रारंभ हो गया है। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रदेश के 8 जिलों के 4404 ग्रामों के लिए क्रियान्वित इन 10 समूह जलप्रदाय योजनाओं में 9 लाख 34 हजार 399 नल कनेक्शन (स्न॥ञ्ज्ष्ट) लगाये जायेंगे। जलप्रदाय योजनाओं के दायरे में आने वाले सभी 4404 ग्राम शत-प्रतिशत नल कनेक्शन युक्त हो सकेंगे। प्रदेश के धार जिले की राजोंद जलप्रदाय योजना में 74, सागर जिले की मडिया जलप्रदाय योजना में 276, आगर-मालवा जलप्रदाय योजना में 480, शिवपुरी जिले की मड़ीखेड़ा जलप्रदाय योजना में 842, गुना जिले की गोपीकृष्ण सागर जलप्रदाय योजना में 354, गुना एवं अशोकनगर जिले की राजघाट जलप्रदाय योजना में 1573, देवास जिले की नेमावर (हाटपिपल्या) जलप्रदाय योजना में 115 तथा सिंगरौली जिले की गोंड देवसर, बैढन एक तथा बैढन दो जलप्रदाय परियोजना में 690 ग्रामों को शत-प्रतिशत नल-जल युक्त किया जाना शामिल है।

## श्योपुर की ऑंगनवाड़ी कार्यकर्ता नाज़िरा खान बनी कोविड विमन वारियर

**ग्वालियर।** कोरोना काल में अपनी ड्यूटी पूरी करने के लिए परिवार का विरोध झेलना श्योपुर की ऑंगनवाडी कार्यकर्ता नाज़िरा खान के लिए अब उपलब्धि बन गई है। राष्ट्रीय महिला आयोग नाज़िरा के इस कार्य को सम्मानित करने जा रहा है। राष्ट्रीय महिला आयोग के 29वें स्थापना दिवस 31 जनवरी को नई दिल्ली में केन्द्रीय महिला-बाल विकास मंत्री श्रीमती स्मृति जुबिन इरानी द्वारा नाज़िरा खान को कोविड विमन वारियर सम्मान से नवाजा जायेगा। नाज़िरा खान श्योपुर जिले के हीरागाँव की ऑंगनवाडी कार्यकर्ता है। स्नातक, बी.एस.डब्ल्यू और पी.जी.डी.सी.ए.तक शिक्षित नाज़िरा ने कोरोना काल में ड्यूटी पूरी करने के लिए परिवार का विरोध झेला। लॉकडाउन की घोषणा के समय नाज़िरा स्वंय डेंगू का इलाज करा रही थी, लेकिन कोरोना संक्रमण के दौरान कई प्रवासी परिवारों को सरकार की गाईडलाइन के अनुसार क्वारेंटीन करवाकर उचित इलाज और सहायता पहुँचाई। नाज़िरा बताती है कि करीब पाँच हजार की आबादी वाले उनके गाँव में एक हजार से ज्यादा लोग रोजी-रोटी की तलाश में गाँव से दूर काम करते थे। लॉकडाउन की घोषणा होते ही प्रवास पर गए सभी लोग गाँव वापस आने लगे। उन्होंने बताया कि महानगरों से गाँव लौट रहे ग्रामीणों से संक्रमण का खतरा ज्यादा था। वे जानती थी कि यदि बाहर से लौटे लोगों को क्वारेंटीन नहीं किया और उनकी समुचित चिकित्सीय जाँच नहीं कराई तो कोरोना संक्रमण पूरे गाँव में फैल सकता है। नाज़िरा ने ग्राम प्रधान और सरपंच की मदद से भाग-दौड़ कर बाहर से आये सभी लोगों को क्वारेंटीन कराना शुरू कर दिया। उनका बाहर जाना, लोगों से मिलना ससुराल के बुजुर्गों को नागवारा लगा। उन्हें नौकरी से त्यागपत्र तक देने पर जोर दिया गया। नाज़िरा के पति ने उनका साथ दिया और परिवार के लोगों को समझाया संकट की इस घड़ी में गाँव के लोगों की मदद करने की इजाजत नाज़िरा को दिलाई। लोगों को सुरक्षित रखने के फैसले और नाज़िरा की समझदारी से आज पूरा गाँव कोरोना से मुक्त है। नाज़िरा आज न केवल लोगों को कोरोना सुरक्षा के उपाय बता रही है बल्कि ऑंगनवाड़ी से जुड़े सभी परिवारों को पोषण आहार टी.एच.आर और अन्य सेवाएँ सुचारू रूप से दे रही है।

## कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न विषय पर कार्यशाला व सह प्रशिक्षण शिविर

**ग्वालियर।** जिला स्तरीय स्थानीय परिवाद समिति ग्वालियर द्वारा 30 जनवरी शनिवार को प्रातः 11ः00 बजे से महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न विषय पर एक कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है । इस कार्यशाला का आयोजन बहोड़ापुर स्थित होमगार्ड के डिविजनल कमांडेंट ऑफिस परिसर में किया जाएगा। कार्यशाला का विषय होगा आंतरिक परिवाद समिति के गठन एवं कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न प्रतिषेध सह प्रशिक्षण/कार्यशाला में होमगार्ड के डिवीजनल कमांडेंट ऑफिस के अधिकारी और कर्मचारी सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहेगा। इस विषय पर विशेषज्ञ के रूप में जिला महिला सशक्तिकरण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग शालीन शर्मा के अलावा जिला स्तरीय स्थानीय परिवाद समिति की चेयर पर्सन सुश्री रुचि मोदी व सदस्य अर्चना राठौर ,सुनीता यादव जावेद खान इस विषय पर अपना विषय प्रवर्तन करेंगे।

### ग्वालियर।जल संरक्षण, बिजली बचाओ एवं स्वच्छ ग्वालियर के उद्देश्य को लेकर

# ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर पदयात्रा पर





**ग्वालियर।** उप नगर ग्वालियर के विभिन्न वार्डो में स्वच्छता, जल संरक्षण अभियान, गंदे पानी से निजात के लिए टोंटी लगाओ अभियान, बिजली बचाओ अभियान और पर्यावरण संरक्षण के लिये जन जागृति के लिए प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा दो दिवसीय पदयात्रा निकाली जा रही है। श्री तोमर ने शुक्रवार को पदयात्रा का शुभारंभ कांचमील से किया । पदयात्रा में बडी संख्या में क्षेत्र के नागरिकगणों ने उत्साह से भाग लिया। साथ ही पदयात्रा के उददेश्यों की सफलता के लिए संकल्प लिया। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने पदयात्रा के शुभारंभ अवसर पर कहा कि यह पदयात्रा, मात्र यात्रा नही आमजन को जागृत करने के और स्वच्छता को आदत बनाने के लिए यह यात्रा निकाली जा रही हे। पदयात्रा के दौरान उनके साथ ग्वालियर कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, विद्युत विभाग के अधिकारी एवं खाद्य विभाग व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने पदयात्रा के दौरान कांचमिल में बने पार्क का निरीक्षण के दौरान कहा कि पार्क के बगल से पुलिस चैकी बनाई जाये, जिसमें सीसीटीवी कैमरे लगे हो, जिससे पार्क में आने वाले आवारा तत्व के व्यक्तियों पर नजर रखी जा सके। साथ ही अमृत योजना के तहत पार्क के मेंटीनेंस किया जाये। पार्क के सामने बने नाले को पाटने के साथ ही उसकी साफ सफाई की जाये। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने स्वच्छता का संदेश देते हुए ठेले वालों और दुकान दारों से निवेदन किया कि यह शहर हम सभी का है, इसको स्वच्छ व साफ रखने की जिम्मेदारी भी हम सभी की है। साथ ही शहर को स्वच्छता में नम्बर एक स्थान पर भी लाना है इसके लिए हमें अपने में स्वच्छता की आदत डालनी होगी। हमें प्रण करना होगा कि कचरा रोड पर न फैले, कचरा डस्टबिन में डालें एवं कचरा गाडी में ही डालें। तभी हम शहर को सुंदर व स्वच्छ बना सकते हैं।उन्होने पदयात्रा के दौरान नगर निगम के कमैठी हॉल में बने जोन क्रमांक 5 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जोन पर आवक जावक रजिस्टर चैक किया। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र हितग्राही किसी भी कार्य में परेशानी नही होना चाहिए। सभी को समय पर शासन की योजनाओ का लाभ मिले। इसके साथ ही निगमायुक्त श्री शिवम वर्मा ने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी अपनी नेमप्लेट लगायें एवं 15 दिन में साफ सफाई कर जोन को स्वच्छ व सुंदर जोन बनायें। मंत्री श्री तोमर ने कमैठी हॉल में बने रामप्रसाद बिस्मिल भवन के मेंटिनेंस के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां भी यह भवन बने है उनका मैंटिनेंस समय पर किया जाये। पदायात्रा के दौरान गदाईपुरा निवासी श्रीमती भूरी देवी की कल्याणी पेंशन, गोसपुरा नम्बर एक निवासी विकलांग फूलसिंह को राशन, पेंशन गरीबी रेखा का कार्ड, आरामिल निवासी मुरमुरा का ठेला लगाये श्रीमती नर्मदा बाई को पेंशन व स्वनिधि से 10 हजार रूपये, आनंद नगर निवासी श्रीमती सावित्री बाई को पेंशन, कांचमील निवासी नीमा बाई को पेंशन, न्यू रेशममील निवासी वृद्ध श्रीमती राजकुमारी बाई को 2 हजार रूपये की नगद आर्थिक सहायता, दिव्यांग बच्ची रानी को पेंशन और एक अन्य बच्चे को पेंशन दिलाये जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

स्वच्छता के प्रति जनजागरण पदयात्रा न्यू रेशम मिल, कांचमिल, पुरानी रेशम मिल, चंदनपुरा, दुर्गादास विहार, बिरला नगर, जती की लाईन, राठौर चैक, चौड़े के हनुमान मंदिर, न्यू ग्रेसिम बिहार कॉलोनी, ब्रहमोहन शिवहरे का तेलमिल, चुरैल का पेड, इन्द्रा नगर, लूटपुरा, चार शहर का नाका, राजा की मंडी किलागेट सराफा बाजार, बाबा कपूर घासमंडी चैराहा पर पहुँची और यहीं पर पदयात्रा का समापन किया गया।

## ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने किया कांचमील स्थित तिकोनिया पार्क का लोकार्पण



ग्वालियर। प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कांचमिल स्थित नवीन तिकोनिया पार्क के लोकार्पण के अवसर पर कहा कि पार्क में बुजुर्गों एवं माताओं के लिए टहलने के लिए फुटपाथ व नौनिहालों के खेलने के लिए झूले व युवाओं के लिए ओपन जिम बनाई गई है। पार्क को स्वच्छ व सुंदर बनाये रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है। इसके लिए एक समिति बनाकर पार्क के खुलने व बंद होने का समय निश्चित करें साथ ही नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पार्क के मंटिनेंस के लिए सुनिश्च्त व्यवस्था की जाये। काचमील स्थित 90 लाख रूपये की लागत से बनी नवनिर्मित तिकोनिया पार्क के लोकार्पण के अवसर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि क्षेत्र में बडे और सुंदर पार्क विकसित किये जा रहे है। कांचमील में बडा पार्क, आनंद नगर स्थित पार्क एवं मनोरंजनालय में निर्मित पार्क जिसमें से कांचमील व तिकोनिया पार्क का लोकार्पण हो चुका है साथ ही अन्य पार्कों का कार्य भी चल रहा है, शीघ्र ही उन पार्कों को आमजन के लिए खोल दिया जायेगा। उन्होने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा का स्तर सुधरे इसलिए विधानसभा में 11 स्मार्ट स्कूल बनाये जा रहे हैं। जहां छात्रों के लिए सर्व सुविधायुक्त कक्षायें बनायी जायेंगी, जिसमें प्राइवेट स्कूल से भी बेहतर सुविधायें छात्रों को मिलेंगी। साथ ही उन्होने बताया कि रेशममील, पटेल स्कूल व शिक्षा नगर में स्मार्ट स्कूल बनाये जा रहे है। जिसमें शिक्षा नगर में बनने वाले स्कूल को प्रदेश का पहला स्मार्ट स्कूल बनाया जा रहा है। जहां बच्चों के रहने, खाने, खेलने व पडने के लिए सभी सुविधायें मिलेगी। उन्होने कहा कि रेशम मिल में बनने वाली पानी की टंकी का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाये जिससे गर्मियों में पानी की समस्या न रहे साथ ही गंदे पानी से भी निजाद मिलेगी। इसके साथ ही खुले हुए नालों को पाटने की कार्यवाही भी करें कहीं भी खुला हुआ नाला नही मिलना चाहिए नही तो संबंधित अधिकारी कि खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। साथ ही पार्क में बंद पडी सोडियम लाईट को सुधार कर चालू किया जाये। जिससे शाम के समय क्षेत्रवासियों को टहलने में किसी भी प्रकार की समस्या न आये। तिकोनिया पार्क में बनी आंगनवाडी का निरीक्षण करते हुए ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने आंगनवाडी कार्यकर्ता से आंगनवाडी में बनाये जा रहे खाने की गुणवत्ता के बारे में पूछते हुए आगनंवाडी में बनाये गए कढी चावल को खुद खाकर देखा तथा अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि बच्चों के खाने के लिए पोषण युक्त खाना दिया जाये। साथ ही तिकोनिया पार्क के बगल में बने शौचालय को तोडकर सार्वजनिक पुस्तकालय बनाये जाने के लिए भी ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने अधिकारियों को निर्देशित किया। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने न्यू रेशममील प्रगति विहार स्थित हनुमान मंदिर पर विधायक निधि 9.47 लाख की लागत से बनाये जा रहे सामुदायिक भवन का भूमिपूजन करते हुए कहा कि क्षेत्र में लाइट की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। साथ ही न्यू रेशम मिल स्थित कुटी मंदिर पर सार्वजनिक भवन बनाये जाने के लिए कहा। इस अवसर पर क्षेत्रीयी पार्षद श्रीमती राजकुमारी संतोष भारती व क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक बडी संख्या में उपस्थित रहे।

# हर पेट्रोल पम्प पर अनिवार्यत: प्रदूषण नियंत्रण केन्द्र स्थापित करें



**ग्वालियर।** जिले के हर पेट्रोल पम्प पर प्रदूषण नियंत्रण केन्द्र अनिवार्यत- शुरू करें। इसके लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के पेट्रोल पम्प मालिकों के अलग-अलग शिविर लगाएँ और प्रदूषण नियंत्रण केन्द्र शुरू करने की कार्रवाई कराएँ। इस आशय के निर्देश अपर जिला दण्डाधिकारी श्री किशोर कान्याल ने शुक्रवार को संबंधित अधिकारियों की बैठक में दिए। अपर जिला दण्डाधिकारी श्री कान्याल ने बैठक में स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण की प्रमुख पीठ नईदिल्ली द्वारा प्रत्येक पेट्रोल पम्प पर प्रदूषण नियंत्रण केन्द्र की स्थापना अनिवार्यत- करने के निर्देश दिए गए हैं। इसलिये इस काम में किसी भी प्रकार की ढ़िलाई न हो। श्री कान्याल ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एवं जिला आपूर्ति नियंत्रक को निर्देश दिए कि 30 जनवरी को कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में नगर निगम सीमा क्षेत्र के पेट्रोल पम्प संचालकों का शिविर लगाएँ। इसी तरह 3 फरवरी को ग्रामीण क्षेत्र के पेट्रोल पम्प संचालकों का शिविर आयोजित किया जाए। बैठक में अपर जिला दण्डाधिकारी ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि पेट्रोल पम्प पर प्रदूषण नियंत्रण केन्द्र की स्थापना के लिये आवेदन पत्र का प्रारूप व आवश्यक दस्तावेज की चैकलिस्ट जिला आपूर्ति नियंत्रक को उपलब्ध कराएँ। साथ ही अधीनस्थ स्टाफ को भी शिविर में मौजूद रहने के लिये निर्देशित करें। क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देशित किया गया कि प्रदूषण जांच केन्द्र में प्रयुक्त होने वाली मशीनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये संबंधित कंपनियों से संपर्क करें। साथ ही शिविर में अधीनस्थ स्टाफ सहित उपस्थित रहकर मशीन का डैमो भी कराएँ।

## बेस्ट साथी डॉट कॉम पर मिला धोखा: जिसे जीवन साथी बनाने का देखा था सपना, उसने कोरोना के नाम पर हड़पे 25 हजार रुपए

**ग्वालियर।** अच्छा जीवन साथी पाने के लिए एक युवक ने बेस्ट साथी डॉट कॉम मैरिज ब्यूरों पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया। यहां उसे एक युवती से चैट कराई गई। दोनों में अच्छी दोस्ती हो गई। युवक उसे अपना जीवन साथी बनाने का सपना देखने लगा। एक दिन युवती ने उसे कोरोना होने की बात कहकर इलाज के लिए 25 हजार रुपए की मांग की। युवक ने ई-वॉलेट से रुपए ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद जब वह युवती से मिलने उसके घर पहुंचा तो उसके पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई। जो पता युवती ने दिया था वह फर्जी निकला, नाम भी फेक था। युवती का मोबाइल भी बंद आ रहा है। अब जब युवक को ठगी का अहसास हुआ तो वह क्राइम ब्रांच पहुंचा और शिकायत की। शहर के तानसेन नगर निवासी धर्मेन्द्र सिंह एक निजी संस्था में कर्मचारी हैं। कुछ माह पूर्व धर्मेन्द्र ने अपने लिए अच्छा जीवन साथी तलाशने आगरा में बेस्ट साथी डॉट कॉम नामक मैरिज ब्यूरो वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराया। रजिस्ट्रेशन कराने के बाद वेबसाइट की ओर से अंजली प्रजापति ने कॉल कर उसे एक लड़की लता तोमर निवासी विवेकानंद कॉलोनी मुरैना से ऑनलाइन मीटिंग कराई। 25 अगस्त 2020 को मीटिंग होने के बाद दोनों की आपस में बात होने लगी। परिचय होने के बाद युवती ने अपना बायोडाटा उसे भेजा और दोनों के बीच शादी करने पर सहमति बन गई। इसी दौरान कोरोना का प्रकोप चलने पर युवती ने शादी के लिए कुछ दिन इंतजार करने के लिए कहा। इसके बाद दीपावली के बाद जब धर्मेन्द्र ने शादी के लिए कहा तो युवती ने कहा कि अभी शादी नहीं हो सकती उसे कोरोना हो गया है।




## शहर की बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर कॉग्रेस का धरना आज

**ग्वालियर।** शहर जिला कॉग्रेस कमेटी द्वारा आज 30 जनवरी 2021 को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक पुलिस अधीक्षक कार्यालय सिटी सेन्टर ग्वालियर के सामने ग्वालियर पूर्व से विधायक डॉ. सतीष सिंह सिकरवार के नेतृत्व में षहर की बिगडती कानून व्यवस्था को लेकर धरना प्रदर्षन और मुख्यमंत्री के नाम पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को ज्ञापन सौंपा जायेगा। विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा है कि षहर में लगातार बढती चोरियां, अवैध षराब की बिक्री, सट्टा और जुआ के साथ नषे का बढता कारोबार एवं महिलाओं के साथ बढ़ते अपराधों के विरोध में आज विषाल धरना प्रदर्षन का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि बढ़ते अपराधों के कारण आमजन के साथ-साथ व्यापारी वर्ग में भी असुरक्षा का वातावरण व्याप्त है। डॉ. सिकरवार ने समस्त कॉग्रेसजनों, महिला कॉग्रेस, सेवादल, युवक कॉग्रेस एवं एन.एस.यू.आई. कार्यकर्ताओं से धरना प्रदर्षन में षामिल होने का आग्रह किया है।







स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रॉनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 निकट हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478